आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 345- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 21 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in



## भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से ही

**23 अक्टूबर को मेलबर्न स्टेडियम में खेलेंगे मैच**



**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भी भारत अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ ही करेगा। पिछले साल यूएई और ओमान में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में भी भारत ने पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ ही खेला था, जिसमें पहली बार पाकिस्तान ने किसी वर्ल्ड कप मुकाबले में भारत को शिकस्त दी थी। इस बार टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में होना है।

### 16 अक्टूबर से होगा वर्ल्ड कप का आगाज

ICC ने शुक्रवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस कार्यक्रम के मुताबिक, भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगा। टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज 16 अक्टूबर से होगा, जबकि फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 45 मुकाबले 7 अलग-अलग शहरों एडिलेड, ब्रिसबेन, जीलोंग, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ और सिडनी में होंगे। 2014 का चैम्पियन श्रीलंका 16 अक्टूबर को टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच नामीबिया के खिलाफ खेलेगा।

### फ्लड लाइट्स में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

वहीं वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल सिडनी में 9 नवंबर और दूसरा 10 नवंबर को एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। यह पहला मौका होगा, जब एडिलेड ओवल में वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला होगा। जबकि फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा। यह मुकाबला फ्लड लाइटस में खेला जाएगा। पिछला वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। पिछला टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत की मेजबानी यूएई ओर ओमान में हुआ था। इस वर्ल्ड कप को ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। उसने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। ( देखें पेज 7 भी )

### भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

भारत को सुपर 12 में पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और दो क्वालीफायर के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है। भारत पूरे टूर्नामेंट में कुल 5 मैच खेलेगा।



## अब इंडिया गेट पर नहीं जलेगी अमर जवान ज्योति

**राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की लौ में विलय**

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर बने अमर जवान ज्योति की मशाल की लौ 21 जनवरी से बंद हो जाएगी। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में इस मशाल को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की लौ में मिला दिया जाएगा। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता एयर मार्शल बलभद्र राधा कृष्ण करेंगे। उनके द्वारा ही लौ को मिलाया जाएगा। बता दें कि इंडिया गेट स्मारक ब्रिटिश सरकार ने 1914-21 के बीच जान गंवाने वाले ब्रिटिश भारतीय सैनिकों की याद में बनाया था। बाद में अमर जवान ज्योति को 1970 में पाकिस्तान पर भारत की बड़ी जीत के बाद युद्ध स्मारक में शामिल किया गया था। वहीं इंडिया गेट परिसर में बने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का 2019 में उद्घाटन किया गया था। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में उन सभी भारतीय रक्षा कर्मियों के नाम हैं, जिन्होंने 1947-48 से विभिन्न अभियानों में अपनी जान गंवाई है। पाकिस्तान के साथ गलवान घाटी में युद्ध चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष। आतंकवाद विरोधी अभियानों में जान गंवाने वाले सैनिकों के नाम भी स्मारक की दीवारों पर शामिल हैं।

**3.47 लाख नए केस**

## तीसरी लहर में सबसे ज्यादा 703 मौतें



**इस दौरान पहली बार कुल एक्टिव केस 20 लाख के पार**

**नई दिल्ली।** देश में 3 लाख 47 हजार 254 नए कोरोना संक्रमित मिले। इस दौरान 2.51 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 701 लोगों की मौत हुई है। वहीं पिछले दिन के मुकाबले नए संक्रमितों में 29,722 की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे एक दिन पहले बुधवार को 3.17 लाख लोग संक्रमित मिले थे और 491 लोगों की मौत हुई थी। देश में पिछले 4 दिनों से रोजाना होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 17 जनवरी को देश में 310 मौतें हुई थी। वहीं, 4 दिन बाद गुरुवार को यह संख्या 2 गुने से भी अधिक(701) हो गई। ये मौतें तीसरी लहर में सबसे ज्यादा है। मौतों का आंकड़ा 8 महीने बाद 700 के करीब पहुंचा है। दूसरी लहर में केस घटने के दौरान 11 मई को 724 मौतें दर्ज की गई थी।




## टीके ने खतरा और गंभीरता दोनों को किया कम-आईसीएमआर

### जोखिम पहले से बीमार लोगों तक सिमटा

नई दिल्ली । टीकाकरण से कोरोना का जोखिम पहले से बीमार लोगों तक सिमट गया है। टीकाकरण ने कोरोना का खतरा और गंभीरता दोनों को कम किया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने पाया कि पहले से स्वस्थ्य व्यक्ति संक्रमण की चपेट में आने के बाद कुछ दिन में ठीक भी हो रहे हैं। हालांकि पहले से बीमार अधिक उम्र के रोगियों में जोखिम बना हुआ, इन्हें बहुत अधिक सतर्कता के साथ रहना है।भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले साल देश में घर बैठे कोविड जांच करने वाली किट्स को अनुमति दी गई थी। इस लहर के आने से पहले तक देश में करीब तीन हजार लोगों ने इन किट्स के जरिए अपने घरों में ही कोविड की जांच की गई लेकिन बीते दिसंबर माह में संक्रमण के मामले बढ़ने से लेकर अब तक दो लाख से भी अधिक लोगों ने बीते 28 दिन में घर में रहकर कोरोना की जांच की है।

## सीएम आवास पर धरना देने निकले दिग्गी को पुलिस ने रोका

### शिवराज ने 23 को मिलने बुलाया, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा लिखित में दें

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को एक दिन पहले मुलाकात का समय देने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मिलने से इन्कार कर दिया। इससे



धरना देते पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ व दिग्विजय सिंह।

नाराज दिग्विजय सिंह ने आज मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर धरना देने का ऐलान किया है। आज सुबह 11 बजे दिग्विजय सिंह श्यामला हिल्स पर स्थित शासकीय आवास से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास के लिए निकले। इस दौरान पूर्व मंत्री और विधायक पीसी शर्मा समेत बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ है। पुलिस ने दूरदर्शन केंद्र के बाहर मार्ग पर बैरिकेडिंग करके उन?हें आगे बढ़ने से रोक दिया। यहां पुलिस अधिकारियों द्वारा बार-बार माइक से अनाउंस किया जा रहा है कि आपकी बात जहां तक पहुंचानी थी वह पहुंचा दी गई है। आपको जो भी बात कहना है वह आप हम से कह सकते हैं। इस पर दिग्विजय सिंह वहीं धरने पर बैठ गए। उनके साथ बैठे समर्थको ने रामधुन का पाठ शुरू कर दिया। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि टेम और सुठालिया बांध से जिन किसानों की जमीन डूब में आ रही है, उन्हें बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है। उनकी मांग को लेकर हम मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं। इसके लिए पिछले डेढ़ माह से समय मांग रहे हैं लेकिन समय नहीं दिया जा रहा है। आखिर समय क्यों नहीं दिया जा रहा है। मुलाकात करने में समस्या क्या है। हम सिर्फ विस्थापित किसानों को उनका हक दिलाना चाहते हैं। सरकार पांच लाख प्रति हेक्टयर मुआवजा दे रही है। जबकि, वहां बाजार मूल्य 20 से 25 लाख रुपये हेक्टयर है। हमें अभी सूचना दी गई है कि मुख्यमंत्री 23 जनवरी को 12ः00 बजे मुलाकात करेंगे लेकिन मौखिक आश्वासन नहीं, लिखित में चाहिए। जब मैं मुख्यमंत्री था तब इंदिरा सागर बांध के डूब में आ रहे हरसूद का विस्थापन किया था 66 हजार प्रभावितों को पर्याप्त मुआवजा दिलाया था कहीं कोई ग्रुप तक नहीं हुआ था। जहां तक बात मुलाकात की है तो जब मैं मुख्यमंत्री था तब पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा हूं या फिर कैलाश जोशी, समय मांगने पर मैं तो उनके घर ही चला जाता था। जब तक हमें लिखित में मुलाकात करने की सूचना नहीं मिल जाती है, तब तक धरने पर बैठेंगे।

### गृहमंत्री ने साधा निशाना

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात को लेकर जारी वीडियो पर निशाना साधा है। उन्होंने स्वयं मीडिया से बातचीत में मोबाइल पर दिग्विजय का वीडियो दिखाते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह ने जिस तालिबानी तरीके से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी मिलने का समय मांगा है, वह ठीक नहीं है।

**दिग्विजयी इंतज़ार जारी है और यहां मित्रता का कमल खिला हुआ है**

## सीएम शिवराज की कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से स्टेट हेंगर पर मुलाकात



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ दोनों ने एक दूसरे से स्टेट हेंगर में मुलाकात की। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इधर सोशल मीडिया पर दोनों की मुलाकात को लेकर वार जारी हो गया। है। ट्विटर पर यूजर लिख रहे हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुलाकात करना चाहते हैं पर सीएम समय नहीं दे रहे हैं जबकि कमलनाथ के एक बार के कहने पर समय दे दिया गया। एक यूजर ने लिखा है कि क्या बात है मामा को स्टेट हैंगर क्षेत्र में मुलाकात करना ज्यादा पसंद आता है।

## दमोह में कार पलटने से एक की मौत, 3 गंभीर

**दमोह, ।** गुरुवार की देर रात जबलपुर से दमोह आ रही एक कार के अनियंत्रित होकर सत घटिया की घाटी के पास पलट जाने से उसमें सवार 4 लोगों में से एक की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु जबलपुर रेफर किया गया है। यह हादसा जिले की जबेरा थाना अंतर्गत दमोह जबलपुर मार्ग पर सिग्रामपुर के समीप हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जबलपुर मार्ग पर जबेरा थाना अंतर्गत सिग्रामपुर के समीप सत घटिया की घाटी के पास गुरुवार की रात्रि जबलपुर से दमोह आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सी ए 7824 अनियंत्रित होकर पलट गई। जैसे ही वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने जंगल में सड़क के किनारे पड़ी हुई पलटी कार को देखा तो तुरंत ही पुलिस एवं 108 को सूचना देकर बचाव कार्य में जुट गए। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और गंभीर रूप से घायल चारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया। लेकिन उसमें सवार 4 लोगों में से इशरत पुत्र एमएच सिद्दीकी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एमएच सिद्दीकी, फरहम सिद्दीकी एवं एम सिद्दीकी की हालत गंभीर होने

**मप्र वालो संभल जाइए....**

## एक सप्ताह दूर कोरोना का पीक

**इंदौर, ।** कोरोना के लगातार ब?ते संक्रमण से परेशान इंदौरियों की दिक्कतें फिलहाल कम होती नजर नहीं आ रहीं। शहर में कोरोना का प्रचंड वेग अभी आना बाकी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इंदौर सहित प्रदेश के चारों बड़े शहरों में इस माह के अंत तक कोरोना का पीक आ सकता है। ऐसी स्थिति में शहर में रोजाना पांच से सात हजार संक्रमित मिलेंगे। पिछले तीन दिनों से लगातार 20 प्रतिशत के आसपास चल रही संक्रमण दर भी पीक के दौरान 40 प्रतिशत तक उछल सकती है। इंदौर के अलावा भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी पीक के दिनों में वर्तमान से तीन गुना संक्रमित रोजाना मिल सकते हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि कोरोना का पीक गुजरने के बाद कोरोना के मरीजों की संख्या में तेजी से गिरावट आएगी और फरवरी के अंत तक शहर एक बार फिर सामान्य हालात बनने लगेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी बीमारी का प्रकोप अपने सर्वोच्चतम स्तर को छूने के बाद फिर नीचे लौटने लगता है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिसंबर के शुरूआती तीन सप्ताह में इक्का-दुक्का मरीज मिल रहे थे लेकिन एक जनवरी को यह संख्या 80 पर पहुंच गई। शहर में न सिर्फ संक्रमितों की संख्या बढ़ी बल्कि संक्रमण दर में भी तेजी से इजाफा हुआ। 19 दिसंबर 2021 संक्रमण दर सिर्फ 0.12 प्रतिशत थी। इस दिन जांचे गए 5386 सैंपलों में से सिर्फ सात संक्रमित मिले थे।

**40 प्रतिशत तक जा सकती है संक्रमण दर**



### बड़े शहरों में नजर आ चुका है ऐसा ही ट्रेंड


विशेषज्ञों के अनुमान की वजह यह भी है कि मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में कोरोना का ऐसा ही ट्रेंड नजर आ चुका है। महानगरों में पीक पर पहुंचने के बाद मरीजों की संख्या में कमी आना शुरू हो गई।

### लगातार स्थिर रहने के बाद गिरती है मरीजों की संख्या

विशेषज्ञों के मुताबिक अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के बाद 24 घंटे के दौरान मिलने वाले संक्रमितों की संख्या लगातार कुछ दिन स्थित रहने के बाद गिरने लगती है तो कहा जा सकता है कि पीक गुजर गया है।

## लोकप्रियता में पीएम मोदी की बादशाहत बरकरार

### दुनिया के सारे नेता पीछे छूटे



**नई दिल्ली।** दुनिया में लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बादशाहत कायम है। अमेरिका से जारी हुई ताजा लिस्ट में पीएम मोदी ने दुनिया के सभी नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस ने यह लिस्ट जारी की है। इस ग्लोबल रेटिंग सर्वे के मुताबिक, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर हैं। सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 71 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ पहले स्थान पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है। मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 66 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी 60 प्रतिशत अप्रूवल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विश्व के 13 नेताओं की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 43 फीसदी रेटिंग के साथ छठे नंबर पर हैं। बिडेन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो भी 43 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन 41 फीसदी पर हैं। मई 2020 में इसी वेबसाइट ने 84 फीसदी की अप्रूवल रेटिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी को सबसे ज्यादा रेटिंग दी थी। हालांकि मई 2021 में यह आंकड़ा घटकर 63 फीसदी पर आ गया था। हालांकि तब भी पीएम मोदी लिस्ट में टॉप पर थे।



# कड़कड़ाती ठंड से कुछ राहत

**जबलपुर,** । पश्चिमी विछोभ के असर से 22 जनवरी को जबलपुर सहित मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना जताई जा रही है। पश्चिमी विक्षोभ की आहट से दिन का अधिकतम तापमान जहां करीब चार डिग्री तक उछल गया। वहीं बीते 24 घंटे में रात का न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री बढ़ गया। आज सुबह का तापमान 10 डिसे रहा,। शुक्रवार की सुबह हल्के कोहरे के बीच ठंड का असर कायम रहा। लेकिन धूप निकली तो ठंड कम होती चली गई। जिससे कड़कड़ाती ठंड से भी कुछ राहत मिली। तेज धूप के कारण दोपहर को ठंड गायब सी हो गई। हवा का रुख उत्तर से पश्चिमी होने से तापमान में मामूली बढ़त दर्ज की गई। फिलहाल मौसम अभी पूरी तरह से साफ है। दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। धूप का तीखापन भी महसूस होने लगा है। जिससे लोगों को दिन में चलने वाली सर्द हवाओं से काफी हद तक राहत मिल रही है। बहरहाल सुबह से तेज ठंड का अहसास बना हुआ है। सूरज निकलते ही ठंड का असर कम होने लगा। धूप के तीखेपन से ठंड कुछ कम महसूस की जा रही है। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 21.9 डिग्री से करीब चार डिग्री बढ़कर 25. 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया ।

# मुख्यमंत्री ने की जबलपुर प्रशासन की तारीफ

## रेत और शराब का अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीडियों कॉफ्रेंसिंग से आज ली गई बैठक में जबलपुर जिले का कई बार उल्लेख किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा शराब का अवैध कारोबार करने वालों, रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा फर्जी चिटफण्ड कंपनियों के विरूद्ध जबलपुर जिले में की गई कार्यवाही की तारीफ की गई। मुख्यमंत्री ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदगी एवं अपहरण के मामलों में बालक-बालिकाओं की बरामदगी में भी जबलपुर में हुये अच्छे कार्य की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में कहा कि शराब के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ की गई कार्यवाही में प्रदेश में पहले तीन जिलों में शामिल होने पर जबलपुर जिले के अधिकारियों को बधाई दी तथा इस दिशा में और बेहतर काम किये जाने की अपेक्षा जताई। अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ दर्ज हुये प्रकरणों के मामले जबलपुर जिला नवम्बर-दिसम्बर माह में इंदौर और बैतूल के बाद 1593 प्रकरण कायम कर तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के प्रकरणों में जबलपुर जिले ने सर्वाधिक मात्रा में रेत जप्त करने के मामले में चौथा स्थान हासिल किया है। जबलपुर जिले में नवम्बर एवं दिसम्बर माह के दौरान 2 हजार 119 घन मीटर रेत जप्त की गई थी। यह खरगौन, रतलाम और टीकमगढ़ के बाद सर्वाधिक है। चिटफण्ड कंपनियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही में भी जबलपुर जिले ने निवेशकों को नवम्बर एवं दिसम्बर माह के दौरान 5 करोड़ 08 लाख रूपये वापस करा कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। भू-माफिया के विरूद्ध प्रदेश में की गई बडी कार्यवाहियों में भी कलेक्टर-कमिश्नर कॉफ्रेंस में जबलपुर का जिक्र किया गया। वहीं कलेक्टर कमिश्नर कॉफ्रेंस में धारणाधिकार योजना के तहत सर्वाधिक प्रकरण दर्ज करने वाले उत्कृष्ट जिलों में दूसरा स्थान हासिल करने पर भी जबलपुर जिले की सराहना की गई है।




# गरीबों को अब कहीं से भी राशन मिलेगा

## जबलपुर में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को धरातल पर उतारने की तैयारी

*__जबलपुर।__ देश के किसी भी राज्य, किसी भी शहर का गरीब कहीं की भी, किसी भी राशन दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि वो राशन उसके ही खाते से जारी किया जाएगा। यह बात सुनने में भले अजीब लग रही हो लेकिन यह सच है। इस योजना पर काम चालू किया जा चुका है।प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों को निर्देशित किया गया है कि कहीं भी रहने वाला अप्रवासी गरीब अपने हक के राशन से वंचित न हो। इसके लिए वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को अमल में लाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क सेवा, सहित स्थानीय निकायों को ऐसे लोगों का सर्वे करने के लिए कहा गया है, जो देश के अन्य जिलों या राज्यों के निवासी हैं। उनके गरीबी रेखा के राशन कार्ड भी हैं, लेकिन उनको बाहरी होने की वजह से राशन नहीं मिल पाता। इस परेशानी से वो मजदूर अधिक प्रभावित होते हैं, जो बड़ी-बड़ी ठेका कम्पनियों में बतौर मजदूर काम करते हैं। ऐसे सभी मजदूरों के नाम सूचीबद्ध कर संबंधित जिला प्रशासन को सौंपने के लिए कहा गया है। इस बावत अंतिम तारीख 31 जनवरी तय की गई है। अगर यह योजना अमल में लाई जाती है, तो गरीबों के लिए बड़ी राहत का सबब साबित होगी। जिला आपूर्ति अधिकारी जबलपुर नुज़हत बकाई, ने बताया कि केंद्र की ओर से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को अमल में लाया जा रहा है।

# आचार्यश्री के 50वें पदारोहण पर जारी किया गया विशेष डाक टिकट

**जबलपुर।** श्री श्री 108 महाकवि जगतगुरू संतशिरोमणि दिगम्बराचार्य विद्यासागर के 50वें पदारोहण पर भारत सरकार व्दारा डाक विभाग ने विशेष टिकट, व पिसनहारी तीर्थकर का लिफाफा, सील (मोहर) सहित आज शरद जैन पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री के मुख्यातिथ्य व प्रवर डाक अधीक्षक श्री चौहान तथा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर, लार्डगंज, जबलपुर के पदाधिकारियों के समक्ष अनावरित किया । इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद जैन व प्रदीप जैन, चक्रेश नायक, सतेन्द्र जैन जुग्गू अध्यक्ष मढ़िया ट्रस्ट कमेटी , राजकुमार जैन, अमित शास्त्री, व अन्य उपस्थित रहे।



# कंज्यू.में भ्रष्टाचार तो आरोप लगाने वाले ही दोषी

जबलपुर यशभारत।ओ.एफ. के . कॉ - ऑपरेटिव सोसाइटी एवं ओ.एफ. के . कंज़ूमर स्टोर में यूनियन एवं कुछ सदस्यों द्वारा की गई भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद आयुध निर्माणी खमरिया के प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि यदि कंज्यूमर स्टोर्स मे भ्रष्टाचार का आरोप इंटक और कामगार यूनियन लगा रही हैं तो वही इसके जिम्मेदार हैं क्योंकि संस्था के स्थापना काल से उन्हीं यूनियन के कार्यकर्ताओं को सदस्यता मिलती थी और वे ही प्रबंध संचालन करते आ रहे थे। उक्त संबंध में लेबर यूनियन ने कहा है कि कुछ यूनियन एवं आम कर्मचारियों द्वारा क्रमशः ओ.एफ. के . कॉ - ऑपरेटिव सोसाइटी एवं ओ . एफ . के . कंज़ूमर स्टोर में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज की गई थी । जिस पर प्रशासन ने मामले की जॉच होने तक दोनो ही सोसाइटी की कटौती रोके जाने हेतु आदेश अपने अधिनस्थ अधिकारी को दी थी ।परन्तु सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के कहने पर एकतरफा कार्यवाही करते हुए कॉ - आपरेटिव सोसाइटी की कंटिंग जारी रखी वहीं कंज़ूमर स्टोर की कंटिंग को होल्ड पर रख दिया ।लेबर यूनियन का आरोप है कि जब नवनियुक्त प्रशासक एवं सोसाइटी मंनेजर अधिकारियों से मिलने गये तो अधिकारियों ने स्टोर बंद करने की सलाह दे डाली । विदित हो कि ओ.एफ. के . कंज़ूमर स्टोर की स्थापना से अबतक की तिथी तक सुरक्षा कर्मचारी यूनियन , इंटक एवं कामगार यूनियन की ही सत्ता रही है। ऐसे में अगर उक्त संस्थान में भ्रष्टाचार व्याप्त था तो उसकी पूर्ण जबाबदेही इन यूनियनों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों की ही है ।क्योकिं कर्मचारियों द्वारा ऋण में समान खरीदने से पहले अध्यक्ष / सचिव की स्वीकृति के बाद ही सामान दिया जाता है । अतः यूनियन महाप्रबंधक से मांग करती है कि अगर कंज़ूमर स्टोर में अनियमितता पाई गई है तो अध्यक्ष के साथ सचिव पद पर निर्वाचित सदस्य पर अबिलंब निलंबित की कार्यवाही की जाए।

**स्थापना काल से ही सिर्फ उन्हीं यूनियन के हैं पदाधिकारी**

# छह प्रतिशत ब्याज के साथ 6 माह के भीतर मिले पेंशनरों को एरियर्स

## पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र की याचिका का उच्च न्यायालय ने किया निराकरण

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को छह माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज के साथ पेंशनरों को एरियर्स का भुगतान करने संबंधी आदेश राज्य सरकार को दिये है।यह निर्णय माननीय न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी ने याचिकाकर्ता राजकुमार दुबे की याचिका की सुनवाई करते हुए दिये। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष याचिकाकर्ता राजकुमार दुबे द्वारा पेंशनर्स को 32 माह का एरियर्स राज्य सरकार द्वारा न देने हेतु न्यायालय में याचिका लगाते हुए बताया कि एरियर्स राशि हेतु 10 सितम्बर 2008 को मप्र के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार प्रकाशित किया गया था। किन्तु मध्यप्रदेश शासन ने पेंशनरों को 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 का एरियर्स न देने के कारण उक्त याचिका न्यायालय में लगाई थी जिसका निराकरण करते हुए राज्य सरकार को उक्त आदेश न्यायाधीश महोदय ने पारित किये।

# सराफा एसोसिएशन जबलपुर की अधारताल इकाई का गठन

**जबलपुर।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर की अधारताल इकाई में अध्यक्ष राओ राजू खन्ना सचिव मनोज सोनी कोषाध्यक्ष विवेक मिश्रा उपाध्यक्ष दिनेश सोनी एवं दीपक सोनी महासचिव विजय सोनी वह संजय सोनी को सर्वसम्मति से बदला सौंपा गया मंत्री अनूप अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अधारताल स्थित प्रतिक्षा भवन में संपन्न अधारताल सर्राफा व्यापारियों की बैठक की गई जिसमें सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों हेतु दीपू सोनी सुमित सोनी आयुष अग्रवाल अजय सोनी संजय सोनी विपिन सोनी अनिल अग्रवाल शशि सोनी अनिल सोनी महेंद्र सोनी अनुज गुप्ता को चुना गया जबलपुर सराफा एसोसिएशन ने राजासर आफ राजेंद्र सराफ बृजेश सराफ राजेश सन ऑफ ओम सोनी अभय सत्यम सोनी बंटी सोनी दीपू सोनी ने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कार्य को पूरी जिम्मेदारी से निभाने हेतु एवं सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया



# साल की पहली संकष्टी चतुर्थी आज

**जबलपुर।** आज माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि है। इस दिन विघ्नेश्वर गणेश की विशेष आराधना होती है। इसे संकष्टी चतुर्थी, तिलकुट चौथ, माघी चौथ भी कहते हैं। इस विशेष दिवस पर महिलाएं अपनी संतान की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और दीर्घायु की कामना भगवान गणेश की आराधना करते हुए निर्जला व्रत रखती हैं। संकष्टी चतुर्थी पर चंद्रोदय काल में भगवान गणेश के पूजन का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन चंद्रोदय के उपरांत अर्घ्य देकर भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन करने से संतान के सभी कष्टों का निवारण होता है और उस पर आने वाले संकट टल जाते हैं। प्रत्येक वर्ष माघ के महीने में सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को मोदक, लड्डू और दूर्वा अर्पित किया जाता है। इस दिन गणेश स्तुति, गणेश चालीसा और सकट चौथ व्रत कथा का पाठ किया किया जाता है।

# पमरे पर 50 ट्रेनों की फेरों में वृद्धि

# 520 स्थायी कोच रेगुलर ट्रेनों में लगाए

## कई क्षेत्रों में बनाई अपनी पहचान

*__जबलपुर यश भारत।__ यात्री सुविधाओं में सर्वोपरि रेल यातायात में सरंक्षित एवं सुरक्षित सुगम संचालन निष्पादित करना है। पश्चिम मध्य रेल जब जोनल रेलवे बना तब से लेकर आज तक अपनी पहचान कई क्षेत्रों में बनाये हुए हैं। इसी कड़ी में यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हुई है। पश्चिम मध्य रेल के अस्तित्व में आने के बाद से लेकर आज की दिनाँक तक यात्री सुविधाओं में नयी ट्रेनें चलाने, नयी ट्रेनें पमरे से गुजरने वाली, ट्रेनों के फेरों में वृद्धि, ट्रेनों के गंतव्य स्टेशनों पर विस्तार एवं ट्रेनों में स्थयी कोचों में वृद्धि करते हुए लगातार विस्तार किया जा रहा है।



### इस प्रकार है यात्री सुविधाओं का विवरण

नयी ट्रेनों में 51 ट्रेनें पमरे से प्रारम्भ होकर और 189 ट्रेनें पमरे से गुजरने वाली ट्रेनें चलायी।
* पमरे की 50 ट्रेनों के फेरों में विस्तार कर रेल यात्री सांख्य में ब ?ोत्तरी के साथ-साथ आय में भी वृद्धि हुई।
* पमरे से प्रारंभ होने वाली 41 ट्रेनों और पमरे से गुजरने वाली 79 ट्रेनों को उनको गंतव्य स्टेशन से आगे बढ़ाया गया है।
* पमरे द्वारा अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के लिए हमेशा ही यात्री सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। जिसमें पमरे की रेगुलर ट्रेनों में 520 स्थायी कोचों को लगाकर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई।

### रेलवे के 17 कर्मचारियों को त्वरित अंतिम भुगतान

*जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में डीआरएम संजय कुमार विश्वास के मार्गदर्शन एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के निर्देश पर इस माह संरक्षा कोटि, मृत्यु एवं अन्य कोटि से सेवानिवृत्त होने वाले 17 कर्मचारियों को निपटारा राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में एनईएफटी के माध्यम से किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अभिराम खरे, मंडल कार्मिक अधिकारी धर्मेंद्र वीके, सहायक कार्मिक अधिकारी रोहित नेमा राकेश कुमार , अरविंद पांडे एवं सहायक वित्त प्रबंधक एसएस तोमर के अलावा कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारियों ने उक्त 17 कर्मचारियों के भुगतान का त्वरित निपटारा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह की है।

# 27 से होंगी रादुविवि की स्नातकोत्तर परीक्षाएं

## कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों को मिलेगा पुन: अवसर

जबलपुर ।रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सभी स्नातकोत्तर पाठ्यर्क्रमों की परीक्षाएं निर्धारित कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं में कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों को पुनः अवसर दिया जायेगा। उपरोक्त निर्णय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित बैठक में लिया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों ऑनलाईन विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक में कोरोना से उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए 27 जनवरी, 2022 से स्नातकोत्तर परीक्षाओं को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। विवि परीक्षाओं के आयोजन को लेकर हुई बैठक में माननीय कुलपति प्रो. कविल देव मिश्र ने बताया कि विवि की ओर से कोरोना परिस्थितियों को देखते हुए रादुविवि से सम्बद्ध सभी कॉलेजों की स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षाओं के लिए इस बार विशेष व्यवस्थाएं की जायेंगी। इन परीक्षाओं में सोशल डिस्टेंसिंग का भलीभांति पालन हो इसके लिए परीक्षा केन्द्रों की संख्या को बढ़ाया जायेगा व विद्यार्थी के समीप ही शासकीय के साथ निजि कॉलेजों को इस बार परीक्षा केन्द्र बनाया जायेगा। स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षाओं के आयोजन को लेकर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान में कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच आयोजित होने वाली परीक्षाओं में कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा का अवसर दिया जायेगा। स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थी अगर कोरोना के चलते परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो उन्हें आवेदन के साथ कोरोना रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा, जिसके पश्चात संबंधित विद्यार्थी को परीक्षा देने का द्वितीय अवसर प्रदान किया जायेगा। बैठक में उपकुलसचिव परीक्षा डॉ. दीपेश मिश्र, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेण्डसे, संकायध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. एस.एस.पाण्डेय, प्रो. रामशंकर, प्रो, धीरेन्द्र पाठक, प्रो. अलका नायक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा, ऑनलाईन नोडल प्रभारी डॉ. आर. के. गुप्ता, सहायक कुलसचिव श्री अभयकांत मिश्र, श्रीमती सुनीता देवड़ी, श्री आरपी कोरी, अनुभाग अधिकारी श्री अजय झारिया आदि मौजूद रहे।




# वर्कशॉप में भी 50 फीसदी कर्मचारी बुलाये जाएं

**जबलपुर यशभारत।** एम बी एरिया के तहत सीओडी और506आर्मी बेस वर्कशॉप आते हैं।लेकिन कार्मिक मंत्रालय द्वारा कोविड की तीसरी लहर से बचाव की जो गाइडलाइंस तैयार की गई है।उसके अनुसार सीओडी मे कमांडेंट ने डी के यू से चर्चा के बाद पचास प्रतिशत उपस्थिति के साथ काम के आदेश बुधवार से जारी और लागू कर दिए है।लेकिन आर्मी बेस वर्कशॉप मे गाइड लाइन के अनुसार इसे अब तक लागू नहीं किया गया है।जबकि दोनों संस्थान सेन्टर कमांड के तहत ही संचालित होते हैं।कर्मचारियों को भय है कि कहीं इससे कोरोना संक्रमण का विस्तार न हो जाए। इस संबंध में जब वर्कशॉप प्रतिरक्षा यूनियन के नेताओं से चर्चा की गई तो बताया कि वे भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है।यूनियन ने इस मामले में डीओपीटी की गाइडलाइंस का उल्लेख करते हुए वर्कशॉप कमांडेंट को पत्र सौप कर कर्मचारियों की चिंता से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्रता से आदेश जारी करने का अनुरोध किया है।कमांडेंट ने वर्क्स कमेटी सदस्यों के साथ यूनियन नेताओं से चर्चा कर जल्द ही उचित फैसला और आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है।

**एक कमांड के तहत दो संस्थानों में अलग अलग नियम**

# बिजली दर की जनसुनवाई में कानूनी रोक से बचने

## आयोग ने जबलपुर में दायर की केविएट

जबलपुर, ।बिजली के दाम बढ़ाने को लेकर संगठन आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं। विद्युत नियामक आयोग द्वारा किसी भी कानूनी अड़चन से बचने के लिए पहले ही केविएट दायर कर दी है, जिसके बाद अब न्यायालय में सुनवाई से पहले मप्र विद्युत नियामक आयोग का पक्ष भी पहले सुना जाएगा।प्रदेश में पहले से महंगी बिजली के दाम ब?ाने के लिए जनसुनवाई प्रस्तावित की गई है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा अगले वित्त वर्ष 2022- 23 से 2026-27 तक के वार्षिक राजस्व आवश्यकता व 2022-23 के टैरिफ निर्धारण हेतु आम उपभोक्ताओं से 21 जनवरी तक आपत्तियां सुझाव आमंत्रित किए हैं। जिस पर सुनवाई 8, 10 फरवरी तक आयोजित की जानी है। आयोग द्वारा इस बाबत उच्च न्यायालय में एक केविएट याचिका दायर की है जिसमें उल्लेख किया गया है कि किसी भी उपभोक्ता द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को चुनौती दिए जाने की स्थिति में कोई भी निर्णय करने के पूर्व आयोग को सूचित किया जाए। बिजली मामलों के जानकार पूर्व मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल कहते हैं कि आयोग द्वारा केविएट दायर कर दी गई है। बिजली वितरण कंपनियों ने याचिका 30 नवंबर 2021 को दायर की है लेकिन संबंधित अधिनियम राजपत्र में 3 दिसंबर 2021 को प्रकाशित हुआ है। अत- याचिका को चुनौती दिए जाने की पूरी संभावना है। प्रदेश में सबसे महंगी बिजली दी जा रही है जबकि दावा जरूरत से ज्यादा पैदा किए जाने का किया जाता है। कृषक समाज के केके अग्रवाल ने मप्र विद्युत नियामक आयोग को आपत्ति दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि ग्रामीण बिजली की सप्लाई पर्याप्त नहीं है।

# क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश शहरावत को केन्द्रीय वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन

**जबलपुर। न्यूनतम पेंशन एक हज़ार के स्थान पर पाँच हज़ार करने तथा ईपीएफ़ओ.के सभी खाता धारकों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने की माँग को लेकर देश की वित्त मंत्री ,भारत सरकार के नाम सम्बोधित ज्ञापन क्षेत्रीय आयुक्त,भविष्य निधि कार्यालय को भारतीय मज़दूर संघ जबलपुर के द्वारा |राकेश शहरावत जो को सौंपा गया ।**

सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से माँगो को शीघ्र पूर्ण करने की माँग की गयी । ज्ञात हो कि भारतीय मज़दूर संघ केंद्र के निर्णयानुसार दिनांक 20 जनवरी 2022 को अपने निकटतम भविष्य निधि कार्यालय में ज्ञापन सौपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था ,इसी अनुक्रम में भारतीय मज़दूर संघ जबलपुर के द्वारा विभिन्न महासंघों के साथ संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन कार्यक्रम में निम्न इकाइयाँ सम्मिलित रही-

1-नेशनल आर्गेनाइज़ेशन आफ इंश्योरेंस वर्केर्स
2-म.प्र.सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ
3-डाक कर्मचारी संघ
4-ग्रामीण कृषि मज़दूर महासंघ
5-ईपीएफ़ कर्मचारी संघ

ज्ञापन के दौरान क्षेत्रीय आयुक्त से अन्य समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई । इस दौरान भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा,ज़िला मंत्री कृष्णकांत शर्मा,एलआईसी के राष्टीय महामंत्री अखिलेश श्रीवास्तव,डाक कर्मचारी संघ के सचिव विनोद साहू,सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के विजय जैन,ईपीएफ़ संघ के सीके ठाकुर,प्रवीण सिन्हा ग्रामीण कृषि मज़दूर महासंघ के दुर्ग सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कोविड गाइडलाइन के कारण सीमित संख्या में लगभग 13 पदाधिकारी जिसमें 4 महिला तथा 9 पुरुष उपस्थित रहे।



## कलेक्टर के समन्वित प्रयासों के परिणाम स्वरूप जिले ने सीधे सात पायदानों की छलांग लगाई

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जबलपुर ने हासिल किया प्रदेश में दूसरा स्थान

***जबलपुर।* सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा बरती गई सख्ती का माह दिसम्बर की ग्रेडिंग में साफ असर दिखाई दिया है। आज गुरुवार को राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की घोषित दिसम्बर माह की ग्रेडिंग में जबलपुर जिले ने कुल 78.18 वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।**

जबलपुर मात्र एक स्कोर कम होने से प्रदेश में पहले स्थान पर आने से रह गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की नियमित तौर पर समीक्षा की जाती रही है। शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने और कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने कई लापरवाह अधिकारियों को नोटिस जारी किया और कार्यवाही भी की। वहीं अच्छा कार्य करे वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया और शाबासी भी दी। कतिपय विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित उपलब्धि नहीं हासिल करने पर कलेक्टर ने खुद अपना वेतन रोककर एक मिसाल पेश की। इसके अलावा श्री शर्मा ने विकासखंड स्तर पर भी बैठकें लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के समन्वित प्रयासों के परिणाम स्वरूप जबलपुर जिले ने सीधे सात पायदानों की छलांग लगाकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में दिसम्बर माह की ग्रेडिंग में समूचे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि माह नवम्बर में जबलपुर प्रदेश में आठवें स्थान पर रहा था। इस प्रकार जिले की रैंकिंग में रिकार्ड सुधार हुआ। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिये जिले को मिली इस उपलब्धि का श्रेय सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दिया है तथा सभी को बधाई दी है।* उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जबलपुर न केवल इस रैंकिंग को बरकरार रखेगा बल्कि सभी के सहयोग से इसे और बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा। जिला प्रबंधक लोक सेवा शुभांगी शुक्ला के अनुसार जबलपुर जिले ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में माह दिसम्बर की ग्रेडिंग में 78.18 स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा नंबर प्राप्त किया है। जबलपुर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के डिस्पोजल के मामले में पहले स्थान पर रहे छिंदवाड़ा जिले से मात्र एक अंक पीछे रह गया है। छिंदवाड़ा जिले का वेटेज स्कोर 79.36 रहा है। रीवा ने 77.42 वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश के टाप जिलों में तीसरा स्थान हासिल किया है। जिला प्रबंधक लोक सेवा शुभांगी शुक्ला ने बताया कि जिले में दिसम्बर माह में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 9 हजार से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया। जबलपुर जिले को शिकायतों के डिस्पोजल में प्राप्त हुए कुल वेटेज स्कोर में संतुष्टि के साथ शिकायतों के डिस्पोजल पर प्राप्त अंकों का हिस्सा 38.95 अंक रहा।

# आरके सिंह सैनी की अध्यक्षता में स्करुटनी कमेटी गठित

## अनुचित निर्णय निरस्त करने की अनुशंसा, तथ्य लाएंगे सामने



**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन डॉ विजय चौधरी ने गुरुवार को उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी की अध्यक्षता में स्करुटनी कमिटी का गठन कर दिया है। स्टेट बार की नवनियुक्त कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि स्करुटनी कमिटी में वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त, दिनेश नारायण पाठक, राजेश पांडे, जितेंद्र कुमार शर्मा ,राजेश व्यास, सुनील गुप्ता व मनीष तिवारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रक्रिया स्टेट बार के नियम 7 ए सहपठित धारा 104 व 109 के अंतर्गत विधिवत प्रस्ताव पारित कर पूर्ण की गई है। 12 दिसंबर 2021 से आगामी आदेश तक स्टेट बार की विभिन्न समितियों व सदस्यों द्वारा पारित आदेशों का पालन स्कूटनी कमेटी के अनुमोदन के बाद ही संभव होगा। सैनी ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी की पूरी निष्ठा से पालन करेंगे, उन्होंने बताया कि राज्य के अधिवक्ताओं के कल्याण में जुटे रहेंगे, उचित निर्णय का अनुमोदन किया जाएगा। जबकि अनुचित निर्णय निरस्त करने की अनुशंसा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेट बार में मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। 12 दिसंबर 2021 से हाईकोर्ट के आदेश तक स्टेट बार में जो भी अनुचित हुआ होगा उसे सामने लाया जाएगा।

# बिजली बिल के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**जबलपुर यश भारत।** मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में बढ़े हुए बिजली के बिलों के विरोध में शिवराज सिंह का पुतला दहन किया । और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ नारेबाजी की। वहा मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत ने भाजपा सरकार को घेरते हुए बोले कि मझौली डबल लाक सोसाइटी को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ की जाए साथ ही बढ़े हुए बिजली के बिलों को वापस लेकर नए तरीके से बिजली बिल भेजे । साथ ही ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष पटेल ने भी सरकार बार गंभीर आरोप लगाए और बोले कि वर्तमान जन प्रतिनिधि मजबूर एवं लाचार है लाचारी का आलम इस तरह का है कि ट्रांसफार्मर यदि जल जाए तो रखने के लिए एक महीने का इंतजार करना होता है और साथ ही कमिश्सन देना होता है। और साथ एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आभास दुबे ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज बिजली के करेंट से अधिक बिजली के बिलों का करेंट लगता है।

कार्यक्रम में मौजूद सांसद प्रतिनिधी सुरेश माझी , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लाल चौबे,बबलू पंडा,मनोज तिवारी,राजेश ठाकुर,परवेज,प्रदीप पटेल, रमेश पांडे, गुलाब यादव आदित्य बाथरे जी,ललित सोनी नीलेश राजपूत , अवधेश दुबे,प्रहलाद ठाकुर आजाद साहू,राजेश तिवारी,बद्री जती,सुंदरलाल बर्मन, संतोष चक्रवर्ती,जवाहर पटेल, पोंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर पटेल, मदन पटेल,अमन शर्मा जी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आभास दुबे एवं समस्त क्षेत्रवासि उपस्थित हुए।

## एनएसयूआई ने किया ऑफलाइन परीक्षाओं के विरोध में पुतला दहन

**जबलपुर।** कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एनएसयूआई जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के भौतिक रूप से परीक्षा कराए जाने के निर्णय के विरोध में एनएसयूआई प्रदेश महासचिव सागर शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष अदनान अंसारी के नेतृत्व में मालवीय चौक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर विरोध किया गया। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव सागर शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष अदनान अंसारी ने बताया कि एनएसयूआई संगठन के द्वारा राज्य सरकार से लगातार ऑ?लाइन रूप से आयोजित होने जा रही परीक्षाओं को स्थगित कर ऑनलाइन अथवा ओपन बुक प्रणाली से कराए जाने की मांग की जा रही है लेकिन मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा छात्र संगठनों एवं छात्रों की सुरक्षा को नजरअंदाज करके छात्रों की ऑफलाइन रूप से परीक्षाएं आयोजित कर छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, जिसके विरोध में आज एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष मंजूल त्रिपाठी के आह्वान पर पूरे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का पुतला दहन का आयोजन किया गया।

# सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडा रहे डी.ई.ओ




**जबलपुर ।** म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर द्वारा स्थानांतरण नीति के विरूद्ध लगभग 300 स्थांतरण किये गये इन स्थानांतरणों में माननीय प्रभारी मंत्री को अंधेरे में रखकर स्थानांतरण व नियम विरुद्ध संशोधन का बडा खेल डी.ई.ओ एवं स्थांतरण समिति द्वारा खेला गया , इनके द्वारा स्थानांतरण में शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडाते हुए शालाओं को शिक्षक विहीन कर दिया गया साथ ही अनेकों शालाओं में छात्र संख्या कम होने के बाद भी 4-4 शिक्षक पदस्थ कर दिये गये तथा प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर मन चाहे स्थानांतरण व संशोधन किये गये । संघ द्वारा स्थानांतरण में भारी भ्रष्टाचार को उजागर करने के उद्देश से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी चाही गई तो डी.ई.ओ द्वारा महिनो से शुल्क जमा करने के बाद भी चाही गई जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और न ही जानकारी छुपाने का कोई औचित्य बताया जा रहा है । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी छुपाने से यह प्रमाणित होता है कि स्थानांतरण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है । संघ के योगेन्द्र दुबे , अटल उपाध्याय , मुकेश सिंह , मिर्जा मन्सूर बेग , आलोक अगिन्होत्री , दुर्गेश पाण्डे , आर . के . परोहा , गोविन्द विथरे , रजनीश तिवारी , डी . डी . गुप्ता , बी.सी. नामदेव , बृजेश मिश्रा राकेश राव , सत्येन्द्र ठाकुर , मनोज सिंह , वीरेन्द्र चन्देल , एस . पी.वाथरे , चूरामन गुर्जर , कमलेश यादव , रमाकांत वाजपेयी , गजेन्द्र सिंह आदि ने माननीय अध्यक्षए राज्य सूचना आयोग से मांग की है कि सूचना के अधिकार के तहत चाही गई जानकारी सार्वजनिक न करने वाले डी.ई.ओ के विरूद्ध अर्थ दण्ड लगतो हुए जानकारी उपलब्ध कराई जावे ।

## समस्याओं से पीड़ित हैं कर्मचारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के लाखों कर्मचारी विभिन्न समस्याओं से पीड़ित हैं परंतु इस और शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा ना ही किसी कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने किसी प्रकार की नीति तैयार कर रहा है जिससे कर्मचारी स्तब्ध है कि आखिर जो कर्मचारी सरकार का अभिन्न अंग है और हर प्रकार से सरकार से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं चाहे वह किसी भी प्रकार का आपदा प्रबंधन का कार्य हो या फिर विभागों से संबंधित कार्य प्रदेश के कर्मचारी हमेशा अपनी पूरी लगन, ईमानदारी और देश भक्ति भावना से प्रदेश सरकार का सहयोग करते हुए शासन प्रशासन के सभी आदेशों का पालन करते हुए अपने कार्यों को सही अंजाम देते हैं । पर शासन प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की उपेक्षा करते हुए उनकी समस्याओं को दूर नहीं करना समझ से परे है। संघ ने आगे बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, पदनाम पदोन्नति ,अनुकंपा नियुक्ति का सरलीकरण, संविदा कर्मियों की समस्याओं का हल, निकालना ऐसी तमाम समस्याएं हैं जिसका हल शासन प्रशासन द्वारा ही निकाला जा सकता है। परंतु शासन की ओर से किसी प्रकार की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है जिससे कर्मचारी हैरान-परेशान और हलकान है कि आखिर शासन द्वारा उनके साथ ऐसी अनदेखी क्यों की जा रही है । संघ ने आगे बताया कि सरकार द्वारा कर्मचारियों का इस ताबड़तोड़ महंगाई के दौर में महंगाई भत्ता रोक कर रखा गया है, वहीं मृत कर्मचारियों के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति का सरलीकरण ना होने से नियमों में उलझ कर रह जाते हैं जिससे अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं शिक्षा विभाग में योग्यता और वरिष्ठता के बावजूद 35 वर्षों की सेवा के पश्चात भी शिक्षक पदनाम पदोन्नति से वंचित हैं फल स्वरुप जिससे नियुक्ति हुई उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों को नियमित नहीं किया जा रहा है ऐसी तमाम मांगे हैं जो शासन द्वारा पूरी नहीं की जा रही है जिससे कर्मचारी हैरान-परेशान और हलकान है कि आखिर उनकी जायज मांगों को पूरा करने में शासन द्वारा इतनी आनाकानी क्यों की जा रही है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉरबट , विनोद सिंह, गुडविन चार्ल्स, राकेश श्रीवास, एनोस विक्टर, ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को अतिशीघ्र दूर किया जाए।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रादुविवि में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**जबलपुर** । स्वतंत्र भारत के गौरवशाली इतिहास, परम्परा, संस्कृति, और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव का विविध स्तरों पर आयोजन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन के निर्देश पर स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी के अमृत महोत्सव'' अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तर पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन सत्त जारी हैं। कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के निर्देश पर आजादी का अमृत महोत्सव विवि समिति की ओर से आयोजित ऑनलाईन बैठक में निर्णय लिया गया ।

## होम आइसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** होम आइसोलेशन के नियम का उल्लंघन करने पर आलोक नगर महर्षि महेश योगी वार्ड निवासी कोरोना संक्रमित हरीश चंद केशवानी के विरूद्ध आधारताल थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई है। नायब तहसीलदार आधारताल संदीप जायसवाल के अनुसार हरीश चंद केशवानी उम्र 52 वर्ष तीन दिन पहले परिवार के अन्य सदस्यों सहित कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे और होम आइसोलेशन में थे। लेकिन उनके द्वारा घर पर नगर निगम के अमले द्वारा लगाया गया होमआइसोलेशन वाला पोस्टर निकाल दिया गया। यहीं नहीं उनके परिवार के सदस्य भी घर के बाहर घूमते फिरते दिखाई दिये। श्री जायसवाल के मुताबिक हरीशचंद का पुत्र भी बिना मास्क लगाये बाजार आना जाना कर रहा था। जबकि उसका भी कोरोना जांच हेतु सेम्पल लिया गया था और कायदे से उसे रिपोर्ट आने तक घर पर ही आइसोलेट रहना था। हरीशचंद की आधारताल चौराहे पर स्थित जनरल स्टोर्स की दुकान भी खुली पाई गई। इस दुकान को बंद करा दिया गया है। नायब तहसीलदार आधारताल के मुताबिक हरीशचंद के विरूद्ध आधारताल थाने में एफआईआर नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षण मनीष शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई है। उसके विरूद्ध जिला दण्डाधिकारी द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कराया गया है।

## राज्य स्तरीय अंतर नोडल सॉफ्ट बॉल में जबलपुर नोडल बना उपविजेता



### पुष्पेंद्र पांडे को मिला बेस्ट हिटर का अवॉर्ड

**जबलपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर के अनुसार लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टैक्नालॉजी एंड साइंस भोपाल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर नोडल सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जबलपुर नोडल टीम का चयन हितकारिणी नोडल सेंटर जबलपुर द्वारा नोडल खेल अधिकारी भगवान सिंह के मार्गदर्शन में तैयार की गयी। नोडल खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि जबलपुर नोडल का पहला मैच उज्जैन नोडल के मध्य खेला गया, जिसमें जबलपुर नोडल 3 होम रन से विजेता बना। दूसरा मैच जबलपुर नोडल मध्य भोपाल नोडल खेला गया, जिसमें भोपाल नोडल 2 होम रन से विजेता बना। जबलपुर नोडल उपविजेता बना। टीम में मोहित पटेल, पुष्पेंद्र पांडे, अंकित घोषी, रंजीत सिंह, चंदन सिंह, अंकुर बिंद, देवेंद्र पटेल, सिद्धार्थ मिश्रा, अमन पांडे, जीतेंद्र, अभय, सौरभ सुमन, रोशन कोरी, विकल्प राठौर आदि शामिल रहे। टीम की सफलता पर हितकरिणी इंजीनियरिंग कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष प्रो योगेश चंद उपरीत, हितकारिणी नोडल सेंटर की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया,हितकारिणी आर्किटेक्चर कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुधीर भट्ट, खालसा नोडल के प्राचार्य डॉ राज मेहता, वित्त नियंत्रक सतीश रांका, खेल अधिकारी दिनेश सिंह, आर्किटेक्चर कॉलेज से हिमानी दुबे ने बधाई प्रेषित की।

## बिलासपुर मण्डल में प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पाँच जोड़ी ट्रेनें निरस्त

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल के जैतहरी-छुलहा रेलखण्ड पर थर्ड लाइन जो?ने के लिए जैतहरी स्टेशन पर दिनांक 23.01.2022 से 31.01.2022 तक प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य



किया जाना है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कई गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान पमरे से गुजरने वाली पाँच जोडी ट्रेनें भी निरस्त रहेगी।

1) गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन 2) *गाड़ी संख्या 22909/22910 बलसाड-पुरी-बलसाड एक्सप्रेस ट्रेन 3) *गाड़ी संख्या 20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन 4) गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन 5) *गाड़ी संख्या 18203/18204 दुर्ग-कानपुर सेंट्रल-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन रेल प्रसासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके रेलवे स्टेशन पर पहुँचें।

# भरपूर जंगल व लकड़ी लेकिन कोई प्रगति नहीं - फेडरेशन

**जबलपुर में फर्नीचर उद्योग की प्रबल संभावनाएँ।**

**जबलपुर।** देश में सबसे ज्यादा वन क्षेत्र और लकड़ी उत्पादन की क्षमता मध्यप्रदेश की है फिर भी यहां फर्नीचर, ब्लॉक बोर्ड (लकडी के टुकड़ों से बनने वाला तख्ता) बनाने की एक भी आईएसआई मार्का इंडस्ट्री नहीं हैं। प्लाईवुड निर्माण क्षेत्र में देश में हमारी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत ही है तथा इसके प्रदेश में 8 ही बीआईएस लाइसेंसधारी उद्योग हैं। यह कथन है फेडरेशन म. प्र. चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांषु खरे का। एक जानकारी में उन्होंने बताया कि देश में बीस हजार से अधिक एमएसएमई पंजीकृत फर्नीचर निर्माण के उद्योग हैं जिसमें 96 प्रतिशत सूक्ष्म, 3.7 प्रतिषत लघु तथा 0.3 प्रतिषत मध्यम उद्यम इकाईयां हैं। उन्होंने बताया कि म. प्र. में 643 सूक्ष्म, 16 लघु तथा 3 मध्यम उद्यम इकाईयां हैं जो लकड़ी से फर्नीचर निर्मित करती हैं। हिमांशु खरे के अनुसार ऑफिस फर्नीचर का बाजार बीस प्रतिषत की दर से प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में क्लस्टर स्थापना की अनेकों योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं किंतु जबलपुर में फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना आज तक नहीं हो पाई है। फेडरेषन के कार्यसमिति सदस्य एवं जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम दुबे ने इस अवसर पर कहा कि जबलपुर जिला एवं संभाग वन क्षेत्र में सम्पन्न है तथा प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये मूल्य की बेष्कीमती लकड़ी जबलपुर व प्रदेष से बाहर भेजी जाती एवं सरकार को संबधित उद्योग न होने की अवस्था में राजस्व का नुकसान होता है वहीं स्थानीय रोजगार भी मुहैया नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि म. प्र. षासन ने इंदौर में फर्नीचर क्लस्टर के स्थापना की घोषणा की है, आवष्यकता है

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र 06, नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र/स अधि/स क्र 06/2021-22/एम/127 /जबलपुर दिनांक 20/1/2022

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी नीखरा पति श्री गुरुप्रसाद नीखरा ने मकान नंब खसरा नं 164/1/40 वार्ड राजीव गांधी वार्ड पिन नं 1003013145 क्षेत्रफल 650 भूतल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नंबर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 06 दमोहनाका में प्रमाणसहित आपत्ति प्रस्तुत करें। भाग क्रय किया गया।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र 06**
**नगर निगम जबलपुर**

# केंद्रीय वित्त मंत्री से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर जेम की विसंगतियों में संशोधन हेतु की मांग

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमन् को पत्र प्रेषित करते हुए मांग रखी है कि शासकीय व सार्वजनिक उपक्रम की खरीदी प्रक्रिया हेतु लागू किए गए गवर्नमेंट इलोक्ट्रोनिकमार्केट प्लेस,जेमद्ध के प्रावधानों में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव एवं आर्थिक भार पड़ रहा है जिससे शासन द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों हेतु घोषित छूटो एवं सहायताओं से सूक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रभावित हो रहे है चेम्बर ने केंद्रीय वित्त मंत्री से निवेदन सहित अपील की है कि प्रेषित बिंदुओ पर उचित निर्देश प्रदान करे द्य जबलपुर लोकसभा सांसद राकेश सिंह जी को उपरोक्त प्रेषित अभ्यावेदन पर सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हितार्थ अपनी अनुशंसा सहित उचित कार्यवाही का निवेदन किया गया है । अध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया कि केंद्र शासन द्वारा सभी शासकीय व सार्वजनिक उपक्रमों की खरीद प्रक्रिया को गवर्नमेंट इलोक्ट्रोनिक मार्केट प्लेस;जेमद्ध पोर्टल के तहत कर दिया है जिससे संपूर्ण भारत वर्ष एक बाजार के रूप में स्थापित हो गया जिसका की व्यापार एवं उद्योग जगत ने स्वागत किया है किन्तु जेम पोर्टल के तहत लाए गए प्रावधानों में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग जो कि उद्योग उद्यमए उद्योग आधारए या एन एस आई सी से पंजीकृत है उन्हें दोबारा जेम पोर्टल पर पंजीकरण व उत्पादन क्षमता निर्धारित कराना अनिवार्य कर दिया गया है व इस हेतु सुरक्षा निधी रूपए 5000 से 25,000 तथा असेसमेंट फीस के रूप में रुण् 11ए000 व जीएसण्टीण् लगाया गया है जबकि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग उक्त पंजीयन पूर्व में ही शासकीय विभाग से करा चुके होते है व उन पर निर्धारित शुल्को का भी भुगतान किया जा चुकता है पुनरू यह शुल्क जेम द्वारा लेना असंगत है इसके साथ ही साथ जेम द्वारा ट्रान्जेकशन शुल्क के मद में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर भी 0.5ः राशि चार्ज कर रहा है जो कि अनावश्यक रूप से इस छोटे छोटे उद्योगों पर भार है द्य जैम द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के आदेशों हेतु ट्रान्जेक्शन चार्ज खरीददार द्वारा वहन किया जा सकता है चेम्बर के उपाध्यक्ष राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली, हर नारायण सिंह राजपूतए प्रदीप बिसवारीने प्रेषित सुझाव पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड–नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

प्रकाशन क्र. 16/2021–22 दिनांक 12.01.2022

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई–टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविश्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन लार्ठन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in में देखे जा सकेगें। निविदा संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई–निविदा क्र. | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ऑन लाईन निविदा क्रय/प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 079/11.01.2022 | 2021_PHED_178508_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Chechli in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 080/11.01.2022 | 2021_PHED_178509_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Saikheda in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 081/11.01.2022 | 2021_PHED 178511_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Chawarpatha in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 082/11.01.2022 | 2021_PHED_178512_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Kareli in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 083/11.01.2022 | 2021_PHED_178514_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Gotegaon in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 084/11.01.2022 | 2021_PHED_178516_1 | Drilling of 19 nos 350/150 mm dia Gravel Packed Tube well, 75 mtr, Deep under jal jeevan mission in various village of Block-Narsinghpur in Narsinghpur District | 19.38 | 38760.00 | 2000.00 | 28.01.2022 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-21613/21 दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड, नरसिंहपुर

# गणतंत्र दिवस से पूर्व भोपाल एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ी
# प्रवेश टिकट काउंटर बंद हुआ

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस नजदीक आ रहा है। राष?ट्रीय पर्व की तैयारियों के बीच राजा भोज एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। यहां पर अब यात्रियों को अब तीन स्तर पर सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इसके अलावा आकस्मिक चैकिंग भी की जाएगीं। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर हर साल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाती है। इस बार भी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानि सीआइएसएफ के जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक यात्रियों की जांच विमान के अंदर जाने से पहले होती थी। जांच के बाद यात्रियों को सिक्युरिटी होल्ड एरिया में इंतजार करने को कहा जाता है। अब यात्रियों को पार्किंग एवं प्रवेश द्वार भी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। आकस्मिक जांच भी की जा सकती है। इसके अलावा यात्रियों के सामान की जांच बैगेज एक्स-रे से मशीन से की जाएगी। हैंड बैगेज की भी सूक्ष?म जांच की जाएगी। सुरक्षा में तैनात सीआइएसएफ के जवानों को रन-वे के शुरूआती छोर से अंतिम छोर तक पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। जवान अब सुरक्षा में अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं।



### प्रवेश टिकट काउंटर आज से बंद

शुक्रवार से एयरपोर्ट लाउंज में प्रवेश टिकट काउंटर भी बंद कर दिया गया। अगले दस दिन तक केवल यात्री ही लाउंज के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। यात्रियों के छोड़ने आए स्वजनों को अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं, वीआइपी पास भी नहीं बनाए जाएंगे। एयरपोर्ट अथारिटी ने हाल ही में यात्रियों को छोड़ने आए लोगों के लिए अतिरिक्त प्रवेश काउंटर की स्थापना की थी। यह काउंटर भी 30 जनवरी तक बंद रहेगा। यात्रियों को लेने एयरपोर्ट पहुंचने वालों को पार्किंग क्षेत्र में ही यात्री के बाहर आने तक इंतजार करना होगा।



## ग्वालियर नगर निगम संग्रहालय का मार्च से होगा डाक्यूमेंटेशन

**ग्वालियर ।** ग्वालियर में नगर निगम के मोतीमहल स्थित संग्रहालय में रखी सभी ऐतिहासिक वस्तुओं और प्राणी संग्रह का मार्च माह के पहले सप्ताह से डाक्यूमेंटेशन का काम शुरू कराया जाएगा। यह कार्य इंटरनेशनल काउंसिल आफ म्यूजियम (आइकाम) के मानकों के तहत होगा। यह काम जुलाई माह तक पूरा होगा। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बने संग्रहालय संचालन के नियमों को नगर निगम पूरा कर पाएगा। यह कार्य पूर्ण होने के बाद में राष्टीय व अंतर्राष्टीय स्तर पर कोई भी व्यक्ति घर बैठे वेबसाइट के माध्यम से संग्रहालय में रखी वस्तुओं की सटीक जानकारी ले पाएगा। वहीं नगर निगम भी संग्रहालयों के लिए मिलने वाली ग्रांट के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हो जाएगा।




# मंडीदीप पहुंचा अहिंसा रथ

## -स्टेच्यू आफ प्युरिटी के लिए आज और कल नगर में करेगा अष्टधातु संग्रह

**भोपाल/मंडीदीप ।** हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित अष्टापद जैन तीर्थ पर देश की पहली 151 फीट ऊंची भगवान 1008 मुनिसुव्रत नाथजी भगवान की अष?टधातु की प्रतिमा (स्टेच्यू आफ प्योरिटी) विराजित करने के संकल?प के साथ निकला अहिंसा रथ इंदौर से धातु एकत्र करते हुए नगर में आया। यह रथ अब नगर के विभिन्न जैन मंदिर में जाएगा, जहां से शुक्रवार को प्रतिमा के लिए अष्टधातु संग्रह किया जाएगा। यह बात ब्रह्मचारी संजय भैया ने कही। वह गुरुवार को नगर के मुख्य बाजार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान मुनि सुव्रतनाथ की अष्टधातु की 151 फीट ऊंची प्रतिमा के लिए आए अहिंसा रथ के आगमन अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस तरह दक्षिण भारत की शान गोम्मटेश बाहुबली भगवान हैं। उसी तरह अब उत्तर भारत की शान मुनि सुव्रतनाथ भगवान की ये प्रतिमा होगी। इस दौरान समाज द्वारा अष्टधातु की वस्तुओं का दान किया गया। वहीं, श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरविंद जैन व मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि दो दिन रथ अलग-अलग मंदिरों पर जाकर खड़ा रहेगा। रथ सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक मंदिर के बाहर दर्शन के लिए खड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर अपने घर में रखी पुरानी और नई धातु के प्रयोग के उपयोग से प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है।

### शिव महापुराण श्रवण करने से होगा जीवन का कल्याण - पंडित मुकुल महाराज

उधर, सतलापुर में आयोजित पंच कुंडी रुद्र महायज्ञ में पंडित मुकुल महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष शिव महापुराण का वाचन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से शिव महापुराण का श्रवण करने से जीवन का कल्याण होगा। मानव जीवन एक अनमोल जीवन है, जो भवसागर की तरह होता है। हर व्यक्ति के जीवन में सुख और दुख आता रहता है, परंतु प्रभु का स्मरण नहीं छोड़ना चाहिए। कथा आयोजन समिति के शेर सिंह चौहान ने बताया कि कथा के दौरान कोरोना गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

# शराब नीति पर शिवराज को बड़ा नुकसान



## बैकफुट पर भाजपा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शराब (आबकारी) नीति पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस इस नीति को लेकर सरकार पर मध्यप्रदेश को मदिरा प्रदेश बनाने का आरोप लगा रही है। जिससके सीएम की परेशानी कम होती नहीं दिख रही है। पार्टी इसे बड़े मुद्दे के रूप में देख रही है क्योंकि ये हर वर्ग से जुड़ा विषय है। वहीं, भाजपा द्वारा कांग्रेस को नसीहत दी जा रही है कि वह अपने गिरेबान में झांककर देखे। कमल नाथ सरकार में तो पूरे जिले के जिले ठेकेदारों को सौंप दिए गए थे और घर-घर शराब बनाने की तैयारी हो गई थी। महिलाओं के लिए अलग से शराब दुकान खोली जा रही थीं। नई शराब नीति को लेकर सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लग रहा है। लेकिन यहां भाजपा को ही नुकसान होता दिख रहा है। भाजपा बैकफट पर आ गई है। लेकिन अभी भी इस प्रयास में है कि अपनी शराब नीति को सही दिखा सके। जबकि प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि आबकारी नीति से सरकार की कलई खुल गई है। एक भी नई दुकानें न खोलने के दावे के विपरीत एक ही दुकान पर देशी और विदेशी शराब बेचने की अनुमति देकर एक ही झटके में दुकानें दोगुनी कर दी हैं। कांग्रेस सरकार में 2003 में 581 दुकानें थीं। भाजपा के राज में यह बढ़कर साढ़े तीन हजार हो गईं। अवैध शराब को रोकने का प्रबंध करने की जगह घर-घर में रखने की इजाजत दे दी। अब ड्राय डे हो या फिर चुनाव, शराब भरपूर मिलेगी। दुकान, मकान, एयरपोर्ट से लेकर ऐसा कोई स्थान नहीं छोड़ा, जहां शराब की उपलब्धता सुनिश्चित न हो। इस नीति से न सिर्फ महिलाओं से संबंधित अपराध बढ़ेंगे बल्कि नशे को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कांग्रेस ने आबकारी नीति को लेकर सर्वे कराया। इसमें 31 प्रतिशत व्यक्तियों ने माना कि नीति इसकी पक्षधर है कि लोग ज्यादा शराब पीएं। 45 प्रतिशत का मानना है कि महिलाओं पर अत्याचार बढ़ेगा और समाज पर बुरा असर पड़ेगा। शत प्रतिशत व्यक्तियों ने कहा कि अपराध बढ़ेंगे। कांग्रेस पार्टी इस नीति का विरोध करती है और वृहद स्तर पर जन जागरण कार्यक्रम चलाकर सरकार की असलियत उजागर करेगी। उमंग सिंघार ने किसे कहा था माफिया- पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय द्वारा शराब नीति पर सवाल उठाने पर राज्य सरकार के प्रवक्ता गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री उमंग सिंघार ने शराब माफिया किसे बताया था, उन्हें याद करना चाहिए। इस नीति से सबसे ज्यादा तकलीफ उन्हें ही हो रही है जो शराब माफिया को सरंक्षण देते हैं। गुना और राजगढ़ में कौन संरक्षण देता है, यह सब जानते हैं। उनके भाई नीति की तारीफ कर रहे हैं।



### उमा भारती अभियान चलाएं, रथ हम तैयार कराएंगे

पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के शराबबंदी अभियान को लेकर कहा कि वे जब भोपाल आएंगी तो समय लेकर आग्रह करने जाऊंगा। वे अपनी घोषणा अनुसार अभियान चलाती हैं तो कांग्रेस उनके साथ हैं। यदि वे यात्रा निकालना चाहें तो रथ बनाकर हम देंगे।

**प्रदेश कांग्रेस ने लगाया शराब दुकानें दोगुनी करने और घर-घर शराब पहुंचाने का आरोप, नई नीति के खिलाफ चलाएगी जन जागरण कार्यक्रम।**

**राज्य सरकार के प्रवक्ता गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि शराब माफिया को संरक्षण देने वाले ही नई शराब नीति से हैं नाखुश**

# ऑफलाइन परीक्षा का विरोध
## एनएसयूआई ने फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला



**भोपाल।** बरकतुल्ला विश्वविद्यालय समित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय मे बढ़ते हुए कोरोना को देखत हुए भी आफलाइन परीक्षा आयोजित करवा रहें है इसके विरोध में एनएसयूआई भोपाल ने उच्च शिक्षा मंत्री का गुरुवार को पुतला फूंका। प्रदेश में उच्च शिक्षा मंत्रालय के आफलाइन परीक्षा आयोजित करवाने के एक तरफा आदेश के बाद प्रदेश में छात्रों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है, इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार शाम एनएसयूआई भोपाल ने उच्च शिक्षा मंत्री डा .मोहन यादव का पुतला फूंका और बीयू सहित देश में सभी विश्व विद्यालयो मे ऑफलाइन परीक्षा को तत्काल निरस्त करने और बची हुई परीक्षा आनलाइन मोड पर आयोजित करने की मांग करी। एनएसयुआई भोपाल के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने बताया कि जब प्रदेश में कोरोना के रिकार्ड मामले सामने आ रहे हैं, एक तरफ प्रदेश सरकार तमाम प्रतिबंध लगा कर कोरोना को लेकर गंभीर रहने का दिखावा करती है और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों मासूम छात्र छात्राओं को आफलाइन परीक्षा का तुगलकी फरमान जारी कर संक्रमण के मुंह में ढकेलने का कार्य कर रही है, आशुतोष चौकसे ने बताया कि राज्य सरकार के ऑफलाइन परीक्षा आयोजित करने के सभी इंतजाम कोरी कल्पना और औपचारिकता मात्र है, न तो किसी परीक्षा केंद्र पर सही तरह से स्क्रीनिंग की जा रही है न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाया जा रहा है, विगत कई हफ्तों से प्रदेश के तमाम छात्र आनलाइन परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे है सरकार को अपनी हटधर्मिता छोड़ बची हुई तामाम परीक्षा आनलाइन आयोजित करना चाहिए।



## कार्यशाला में छात्राओं को हर्बल कार्बनिक साबुन बनाना सिखाया

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा तीन दिवसीय हर्बल कार्बनिक साबुन बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता संबंधी प्रतिभा को निखारना था। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने उपयोगी जानकारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही कहा कि स्वरोजगार की दिशा में यह कार्यशाला उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला में छात्राओं को नीम, हल्दी, चारकोल, दालचीनी पाउडर, शहद आदि हर्बल पदार्थों द्वारा साबुन बनाने के बारे में उपयोग जानकारी दी गई। छात्राओं ने कहा कि बाजार में हर्बल साबुन बहुत महंगे मिलते हैं कार्यशाला में उन्हें बहुत अच्छी जानकारी मिली है अब वह घर पर ही साबुन बना सकती हैं साथ ही भविष्य में स्वरोजगार के लिए भी यह कला काम आएगी। अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि उद्यमिता विकास की भावना को नई दिशा प्रदान करने के लिए इस प्रकार की कार्यशाला महत्वपूर्ण है। इससे छात्राएं अवश्य ही लाभान्वित होंगी। छात्राओं में उद्यमिता विकास की भावना जागृत हुई है।

## कोविड काल में अनाथ हुए विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा मुहैया कराएगा आरजीपीवी



**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) कोविड से अनाथ हुए विद्यार्थियों को निश्शुल्क इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराएगा। इसमें वर्तमान सत्र के अध्ययनरत विद्यार्थियों की फीस तो माफ होगी, साथ ही अगले सत्र से इन विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी में रखकर 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। अगले सत्र से ऐसे विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा विभाग में आवेदन देकर निश्शुल्क फार्मेसी, इंजीनियरिंग या अन्य कोर्स की डिग्री ले सकेंगे। इस संबंध में आरजीपीवी ने तकनीकी शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा था, जिसकी अनुमति मिल गई है। आरजीपीवी प्रशासन से ऐसे विद्यार्थियों की सूची जुटा रहा है, ताकि उन्हें जल्द से लाभ दिया जा सके। आरजीपीवी के कुलपति डा. सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि कोविड काल में अनाथ हुए विद्यार्थियों को ईडब्ल्यूएस श्रेणी में रखा जाएगा और उन्हें फीस से राहत दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई आर्थिक समस्या नहीं आएगी। वहीं अगले सत्र से इन विद्यार्थियों को 10 फीसद सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

## अब सेप्टिक टैंक की सफाई कराना पड़ेगा महंगा

### 2000 की जगह लगेंगे 5000 रुपये

**भोपाल।** अब नगर निगम से सेप्टिक टेंक सीवेज क्लीनिंग मशीनों से साफ कराना महंगा हो गया है। नगर निगम ने इसका कई गुना बढ़ा दिया है। दरअसल, नगर निगम ने सीवेज क्लीनिंग मशीनों से सेप्टिक टैंक क्लीनिंग की नई दरें निर्धारित की हैं। नगर निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा है कि निगम सीमा में सेप्टिक टैंकों की सफाई, डिस्लाजिंग, फीकल स्लज, सेप्टेज मैनेजमेंट कराने के लिए 2000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन से सफाई कराने पर 1000 रुपए प्रति ट्रिप और 4000 लीटर की क्षमता की मशीन के लिए 2000 रुपए अदा करने होंगे। जबकि 14000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन से सेप्टिक टैंक की सफाई कराने पर प्रति ट्रिप 5000 रुपए चार्ज लगेगा। यह तब है, जबकि सीवेज क्लीनिंग मशीन चार्ज में एक साल पहले ही इजाफा किया गया था। निगम ने 2020 में 14000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन का चार्ज 2000 रुपए प्रति ट्रिप किया था।

पुरानी दरें -2000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन -300, 4000 लीटर की क्षमता वाली सक्शन मशीन -500 रुपए ट्रिप, 14000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन - 2000 रुपए प्रति ट्रिप नई दरें- 2000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन की नवीन दर 1000 रुपए प्रति ट्रिप, 4000 लीटर की क्षमता की सक्शन मशीन के लिए 2000 रुपए प्रति ट्रिप, 14000 लीटर क्षमता की सक्शन मशीन हेतु 5000 रुपए प्रति ट्रिप

## 20 स्थानीय शहरी निकायों में पानी का ट्रीटमेंट होगा बेहतर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 20 स्थानीय शहरी निकायों में अमृत 2.0 के लिए डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदरी दिल्ली की रुद्राभिषक इंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिया गया है। शहरी विकास और प्रशासन निदेशालय यूएडीडी ने इसके लिए आरईपीएल को इंफ्रास्ट्रक्चर कंसलटेंट नियुक्त किया है। सरकार इस कार्य के माध्यम से राज्य के जलस्त्रोतों में सुधार करना चाहती है। पानी के ट्रीटमेंट और वितरण की व्यवस्था को सुधारना चाहती है और सीवरेज के नेटवर्क को बेहतर बनाना चाहती है। जिससे जलनिकायों को फिर से नया जीवन और हरित क्षेत्र का विकास हो सके। कंपनी द्वारा जल जीवन मिशन के तहत मध्यप्रदेश के 20 शहरी स्थानीय निकाय के लिए तैयार की जा रही डीपीआर में आधारभूत ढांचे के आकलन, सर्वे और जांच, डिजाइनिंग, ड्राइंग, लागत और निविदा दस्तावेज शामिल होंगे। आरईपीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पिछले दशक में तेजी से हुए शहरीकरण से शहरों में आबादी काफी तेजी से बढ़ी है।

इसके नतीजे के तौर पर प्रदेश भर में नए शहरी आवासीय क्षेत्र और कालोनियां बनाई जा रही हैं। गांवों की जनसंख्या के शहरों में आने से आधारभूत ढांचे संबंधी चुनौतियां भी उभरी हैं। खासतौर से पानी की सप्लाई, साफ-सफाई और सीवरेज के क्षेत्र में आने वाली इन चुनौतियों के हल के लिए हमें पूरी तरह व्यवस्था बनानी होगी और योजना बनाकर काम करना होगा। आरईपीएल के ईडी डॉ. हरीश शर्मा ने कहा, हम इन शहरों में पानी की सप्लाई, सीवरेज और साफ-सफाई की मौजूदा स्थिति का आकलन करेंगे।

## पुलिस ने बनाया विशेष एप, पलभर में मिलती है बदमाश की पूरी जानकारी

### सीसीटीएनएस से जुड़ा है यह फेस फारेंसिक एप। देशभर के छह लाख बदमाशों की जानकारी तक है पहुंच।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस ने एक विशेष एप बनाया है। इस फेस फारेंसिक एप के जरिये अब देशभर के करीब छह लाख बदमाशों की पलभर में पहचान सुनिश्चित की जा सकती है। संदिग्ध व्यक्ति की फोटो एप पर अपलोड करते ही, यदि वह सूचीबद्ध बदमाश हुआ तो उसका आपराधिक रिकार्ड सामने आ जाता है। इस तरह प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के बदमाशों की तत्काल पहचान संभव हो सकेगी। अन्य जिलों या प्रदेशों के फरारी काट रहे बदमाशों की धरपकड़ भी आसानी से की जा सकेगी। एप पुलिस की दूरसंचार शाखा द्वारा तैयार किया गया है। इसका उपयोग भोपाल के 400 पुलिसकर्मियों ने शुरू भी कर दिया है। इस एप को देशव्यापी क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) से जोड़ा गया है। इस आनलाइन नेटवर्क में महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली, पंजाब समेत देश के लगभग सभी राज्यों के बदमाशों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई है। एप के उपयोग का तरीका भी सुरक्षित है। एप को संबंधित पुलिसकर्मी के शासकीय मोबाइल पर एप्लिकेशन लिंक के माध्यम से डाउनलोड किया जाता है। यह ओटीपी डालने के बाद ही काम शुरू करता है। एप खुलते ही इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी के पास पहुंचती है, इसलिए इसके उपयोग पर निगरानी भी की जा सकती है।

## मैनिट भोपाल में पीएचडी स्कॉलर्स ने छेड़ा अनिश्चितकालीन आंदोलन

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्टीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में विगत 10 जनवरी से पीएचडी स्कॉलर्स अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक स्टेज प्रोटेस्ट कर रहे हैं। कोई नतीजा न निकलता देख अब मैनिट पीएचडी स्कॉलर्स कल 20 जनवरी से अनिश्चितकालीन शांतिपूर्वक अहिंसात्मक आंदोलन के लिए मैनिट मुख्य बिल्डिंग पोर्च के सामने बैठ गए हैं। इससे पूर्व यह स्कॉलर्स मैनिट प्रशासन सहित प्रधानमंत्री, राष्टपति, शिक्षा मंत्री, स्थानीय सांसद से लेकर तमाम संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर लिख चुके हैं। ज्ञात हो कि जुलाई 2019 से पीएचडी स्कॉलर्स को दी जाने वाली एचआरए की राशि को रोक दिया गया है। स्कॉलर्स द्वारा प्रयास करने के बाद 1 महीने का एचआरए अक्टूबर माह में दिया गया। उसके बाद फिर से एचआरए की राशि रोक दी गई है। स्कॉलर्स मांग कर रहे हैं कि जब उनका एडमिशन मैनिट में हुआ जुलाई 2019 से ही उन्हें एचआरए की राशि का एरियर दिया जाए। कोरोना काल और लॉकडाउन के कारण विगत डेढ़ वर्ष तक पीएचडी स्कॉलर्स मैनिट केंपस नहीं आए थे। जिससे एक्सपेरिमेंट परफॉर्म नहीं कर पाए और उनका रिसर्च कार्य सही ढंग से नहीं हो पाया। लेकिन मैनिट प्रशासन ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी करके पीएचडी स्कॉलर्स जिन्हें 3 वर्ष पूर्ण हो गए हैं उनकी स्टाइपेंड रोक दी है। सर्कुलर में उल्लेख किया गया है कि जो पीएचडी स्कॉलर 3 वर्ष पूर्ण होने पर त्त1, त्त2 क्लास का एससीआई रिसर्च पब्लिकेशन सबमिट नहीं करेगा उसकी स्टाइपेंड बंद कर दी जाएगी।

# पदोन्नति के नाम पर कर्मचारियों से धोखा

**सिहोरा। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने पदोन्नति के नाम पर कर्मचारियों से किये जा रहे धोखे की क?ी निंदा की है पदोन्नति की आस में लाखों कर्मचारी रिटायर हो चुके है संयुक्त मोर्चा जबलपुर शाखा द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को योग्यता होने के पश्चात भी पदोन्नत नहीं किया जा रहा है ।**

राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की पदोन्नति एवं प्रभार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 9 दिसंबर 2020 को वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित कर 15 जनवरी 21 तक अनुशंसाएं देना थी उक्त समिति के उपरांत 13 सितंबर 2021 को मंत्रिमंडल समूह की समिति गठित कर दी गई कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए दो समिति गठित होने के पश्चात भी कर्मचारियों को पदोन्नति एवं उच्च प्रभार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं इस कारण कर्मचारी हतोत्साहित हो रहे हैं विगत 2016 से पदोन्नति का मामला माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित होने के कारण पदोन्नति के अवसर बंद हैं इस लिए मध्य प्रदेश शासन के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित रहते हुए सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति के अवसर उपलब्ध ना होने से उन्हें भारी आर्थिक रूप से हानि हो रही है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेंद्र दुबे, मोर्चा में शामिल मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस के विश्वदीप पटैरिया, अजाक्स योगेश चौधरी, आई टी आई तकनीकी कर्म.संघ प्रशांत सोधिया, म प्र राज्य कर्मचारी संघ नरेश शुक्ला, मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संतोष मिश्रा, म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्गेश पांडेय, म.प्र.स्वास्थ कर्मचारी संघ संजय गुजराल, मध्यप्रदेश लिपिक कर्मचारी संघ मुकेश चतुर्वेदी, मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्म.संघ रवि दहायत, अजय दुबे, म.प्र.डिप्लोमा ई एसोसिएशन देव दोनेरिया, सपाक्स प्रदीप पटैल आदि ने राज्य शासन द्वारा गठित समिति की अनुशंसा शीघ्र जारी कर कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराए जाने की माँग की है।

**लाखों कर्मचारी हो रहे रिटायर**

# डीएफओ ने पकड़ा तीन संदिग्ध शिकारियों को स्कारपिओ, राइफल सहित अनेक सामग्री जप्त

अनूपपुर /20/01/2022/वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र अनूपपुर के जमुड़ी बीट अंतर्गत शहडोल अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य कक्ष क्रमांक आर,एफ, 380 के वनक्षेत्र में 18-19 जनवरी की मध्य रात्रि रात्रि गश्त के दौरान अनूपपुर मंडल अधिकारी डॉ,ए,ए, अंसारी ने एक स्कॉर्पियो वाहन क,सी,जी,13यू,सी,7304 के साथ तीन अन्य व्यक्तियों को संदिग्ध स्थिति में देखकर वन अमले को सूचित कर पूछताछ के लिए पकड़ा जिसमे शिकार के प्रयास के संदिग्ध तीन आरोपियों के पास से एक राइफल,25 जिंदा कारतूस एवं एक खाली कारतूस दो चाकू,एक गडासा एवं एक एयर बैग जिसमें खून लगा था को बरामद किया इस दौरान संदिग्ध शिकार के आरोपी सोहराव फिरदौसी पिता अबरार अहमद 32 साल,वकील पिता मोहम्मद हुसैन फिरदौसी



उम्र 33 वर्ष, आरिफ पिता कासिम फिरदौसी 35 वर्ष सभी निवासी नवागढ़ थाना अंबिकापुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ के विरूद्ध वन अप,क,4498/21 दर्ज कर वन्यप्राणी संरक्षण अधि,1972 की धारा 2, 9,16.(ए)(बी) 50 एवं 51 के तहत कार्यवाही की गई पकड़े गए संदिग्ध आरोपियों के और अन्य अपराधों में सम्मिलित होना समझ कर वन विभाग द्वारा डॉग स्कॉट शहडोल की मदद से वन क्षेत्र का परीक्षण कराया जा रहा है, आरोपियों की चिकित्सकीय जांच पश्चात न्यायालय में पेश किया गया,इस दौरान उप वन मंडलाअधिकारी अनूपपुर के,बी, सिंह,वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर पंकज कुमार शर्मा,परिक्षेत्र सहायक किरर रिचर्ड रेगीराव,परिक्षेत्र सहायक अनूपपुर संतोष श्रीवास्तव,वन चौकी किरर प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा के साथ वनरक्षक नर्मदा प्रसाद पटेल,बाल सिंह,राजमणि सिंह,हरिनारायण पटेल,रोहित उपाध्याय,रामेश्वर पटेल,हरिशंकर महरा,सुरेश प्रजापति,रईस खान दिनेश रौतेल एवं राकेश रौतेल पूरी कार्यवाही में सामूहिक रुप से सम्मिलित रहे हैं इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि शिकार के प्रयास में देर रात संदिग्ध स्थिति में वनक्षेत्र में भ्रमण कर रहे तीन आरोपियों को स्कॉर्पियो वाहन एवं राइफल तथा अन्य संदिग्ध सामग्रियों के साथ पकड़ कर पूछताछ की गई तथा तीनो आरोपियों जो छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा जिले के हैं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## युवा संगोष्ठी,निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**सिहोरा-** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 12 से 19 जनवरी के मध्य युवा संगोष्ठी,निबंध प्रतियोगिता,सूर्य नमस्कार,ओपन क्विज प्रतियोगिता, ऑनलाइन व्याख्यान आदि कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष जाटव द्वारा की गई एवं आयोजन एनएसएस सदस्य डॉ संतोष नारायण चढ़ार, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र द्वारा किया गया।

# मनमानी ढंग से होती है बाजार वसूली व्यापारियों के लिए नहीं है कोई व्यवस्था

**धनपुरी।** सोहागपुर कोयलांचल मुख्यालय के नाम से विख्यात प्रदेश की सबसे संपन्न नगर पालिकाओं में से एक धनपुरी के तीन मद के चहेते कर्मचारियों की अवैध कमाई का कोई हिसाब नहीं है। बाजार बैठकी की वसूली, इनडोर स्टेडियम बनाम बारातघर, पेयजल टैंकरों से पानी आपूर्ति इन तीन मदों से होने वाली है कमाई का नगर पालिका के पास कोई भी पुख्ता हिसाब नहीं है, कागजी घोड़े दौड़ रहे हैं, नाम मात्र की वसूली हो रही है और इस कार्य में लगे कर्मचारी अधिकारी मलाई छान रहे हैं।

### हफ्ते में 4 दिन बाजार

एसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल मुख्यालय धनपुरी नगर में सप्ताह में 4 दिन हाट बाजार के लिए निर्धारित है जहां स्थानीय व्यापारियों के साथ ही दूरदराज के गांवों से आने वाले फुटकर व्यापारी कारोबार करते हैं। गांवों के इन फुटकर व्यापारियों के बैठने का न तो कोई नियत स्थान है और ना ही पक्की दुकानें, सड़क के किनारे जहां जगह मिली वही अपना उत्पाद या माल रखकर बेचने के लिए बैठ जाते हैं और उस बैठने वाले स्थान का उन्हें नगर पालिका को किराया देना पड़ता है जिसे बाजार बैठकी कहा जाता है। बाजार बैठकी की दर क्या है एक व्यापारी के लिए कितनी जगह आवंटित की जाती है और किस आकार के भूखंड के लिए कितना किराया लिया जाना है इसका कोई निश्चित पैमाना नहीं है।

### धुआंधार वसूली

नगरपालिका के कुछ चुने हुए छोटे कर्मचारी हाथ में बैठकी वसूली की पर्ची लेकर पहुंचते हैं, हाथ ठेला या जमीन पर व्यवसायरत छोटे व्यापारियों को एक पर्ची थमा दी जाती है और उनसे मनमाने तौर पर रकम की वसूली बतौर बाजार बैठकर कर ली जाती है। यह पैसा कहां किसके पास जमा होता है कितनी राशि की वसूली होती है और उस राशि का क्या उपयोग किया जाता है यह आम शहरी की समझ से परे है। अनुमान लगाया जाता है कि हर हफ्ते लाखों रुपए की वसूली नगर पालिका द्वारा की जा रही है लेकिन उक्त राशि का उपयोग किस कार्य में किस हद तक किया जाता है इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है। आम धारणा यह है कि बाजार बैठकी के रूप में वसूली जाने वाली राशि का तकरीबन 90 फ़ीसदी हिस्सा वसूली करने वाले कर्मचारी और उनके आका कहे जाने वाले प्रभारी अधिकारी हजम कर जाते हैं मात्र दस पांच फ़ीसदी रकम ही नगरपालिका के खजाने में जमा होती है।

# पेंशनर्स ने की समयमान वेतन की मांग

**सिहोरा-** पेंशनर्स एसोसिएसन तहसील शाखा सिहोरा के अध्यक्ष गंगाराम गुप्ता के द्वारा नगर पालिका के सेवानिवृत्त पेंशनर्स को 30 वर्ष के उपरात तृतीय समयमान वेतन मांग की है।

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश 24 सितम्बर 2019 के द्वारा नगर पालिका सिहोरा के कर्मचारियों को तृतीय समय मान वेतन का लाभ दिया जाये । इस संबध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एंव विकास सभाग जबलपुर के साथ अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को समस्या का समाधान करने आवेदन दिया गया है।समयमान वेतन की मांग हर प्रसाद श्रीवास्तव,ऋपाल सिंह पटेल,बालमीक कौरव,रामसिंह पटेल,मुलायम सिंह कौरव,श्रीमति शैल बाई पटेल,राम उपाध्याय सहित अनेक पेंशनर्स ने की है ।

## सड़क पर आई कांग्रेस की लड़ाई, जिला अध्यक्ष ने पद छोड़ने की इच्छा जताई

अनूपपुर नो प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष फुन्देलाल लाल सिंह मार्को ने जिलाध्यक्ष पद को छो?ने की जताई इच्छा आज पत्रकारों से बात करते हुए पुष्पराजग? विधायक और अनूपपुर जिला अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि जिले में कल हुई भोपाल से लेकर अनूपपुर रेलवे स्टेशन के कांग्रेसियो की स?क पर ल?ाई से काफी दुःखी और व्यथित हु मैं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी से निवेदन करूँगा की मुझे अनूपपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से मुक्त कर किसी योग्य कार्यकर्ता को इस पद पर नियुक्ति करे ज्ञात हो कि कल कांग्रेस पार्टी की आपसी ल?ाई खूनी संघर्ष पर आई दिनभर चर्चा पर रही दो अलग अलग गुटों ने कोतवाली अनूपपुर और टीटी नगर थाना भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी कोतवाली में तो दो अलग अलग मामले भी दर्ज है जिसमे मारपीट गाली गलौज और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है इसी से व्यथित हो कर विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को कांग्रेस पार्टी के अनूपपुर जिलाध्यक्ष के पद छो?ने की इच्छा जाहिर की

## जनसामान्य की भाषा ही राजभाषा

**जबलपुर,** । आपस में मिलकर बोले जाने वाली जनसामान्य की भाषा ही राजभाषा है। इसकी पहली पहचान इसका प्रचलन है। यह बात मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार, पूर्व प्राचार्य जीएस कालेज ने कही। वे खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राजभाषा पर बौद्धिक परिचर्चा और प्रशिक्षण कार्यशाला का दो सत्र में आयोजन किया गया। पहले सत्र में प्रो. अरुण ने आज के परिदृश्य में राजभाषा का महत्व पर अपनी बात रखी। वहीं दूसरे सत्र में वक्ता घनश्याम नामदेव, सहायक निदेशक हिन्दी शिक्षण योजनाएं ने कम्प्यूटर में यूनिकोड का प्रयोग और इससे जुड़ी तकनीकी पर अपने विचार रखे। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन निदेशालय के निदेशक डा. जेएस मिश्रा, वरिष्ठ विज्ञानी डा. केपी सिंह और बसंत मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बसंत मिश्रा, प्रभारी राजभाषा द्वारा संस्थान की उपलब्धियों और राजभाषा के प्रचार प्रसार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जर्मनी में 11 विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। लोगों में भाषा रोज बदल रही। मुख्य अतिथि प्रो. अरुण ने कहा कि कोई भी भाषा संग साथ में बोली जाने वाली जनसामान्य की भाषा ही राजभाषा है। संसार का कोई भी देश अपनी भाषा की अवहेलना करके प्रगति नहीं कर सकता। निदेशक डा. मिश्र ने संस्थान में किए जा रहे अनुसंधानों एवं प्रयासों की जानकारी दी। कार्यशाला में लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 30 से ज्यादा केंद्रीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ ही निदेशालय के अधिकारियों के साथ कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में कार्यशाला**

# भारतीय जनता युवा मोर्चा का रक्तदान शिविर

**धूमा।** प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार एवं जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी के निर्देशानुसार भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री युवराज सिंह रंग डाले जी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जिला प्रभारी योगेश शिवहरे, पवन बघेल ,शुभम राजपूत, की उपस्थिति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन दलसागर के सामने रेन बसेरे में आयोजित किया गया जिसमें 131 रक्तदान किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के जिले के वंशिदों ने दिन गुरुवार को रक्तदान करने में खासा उत्साह दिखाया। आलम यह रहा कि रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह करने वाले कर्मचारी व बेड भी कम पड़ गए। ऐसे में लोगों को रक्तदान के लिए बारी का इंतजार करना पड़ा। शिविर में डेढ़ सौ से अधिक



युवाओं और मात्र शक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया यह पहला मौका है। कि जब किसी शिविर में इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा सिवनी के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। संगठन की ओर से यह 2022 पहला रक्तदान शिविर था। लिहाजा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह था। शिविर को सफल बनाने के लिए रक्तदान प्रभारी योगेश शिवहरे, शुभम राजपूत, पवन बघेल, समेत सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता पिछले 10 दिन से जुड़े हुए थे

कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया इसका परिणाम यह निकला कि दिन गुरुवार सुबह शिविर 10=00 बजे शुरू होने से पहले आयोजन स्थल पर रक्तदान करने वालों की भीड़ जमा होने लग गई तथा दोपहर 5=00 बजे तक कैंपस में रक्त दाताओं का तांता लगा रहा शिविर में शिविर में रक्तदान के लिए नवयुवकों के साथ-साथ मात्र शक्तियों ने भी खास उत्साह दिखाया तू कई बेटियां मां बहन ने रक्तदान किया रक्तदान प्रभारी योगेश शिवहरे ने बताया कि शिविर में डेढ़ सौ से अधिक महिला पुरुषों ने 131 युनिट रक्तदान किया। रक्त दाताओं की सुविधा के लिए करीब 25 बेड लगाए गए ओर जूश फरूट आदि की निशुल्क व्यवस्था की गई ।शिविर में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा सिवनी जिला अध्यक्ष युवराज जी ने शिविर में सहयोग देने वालों का आभार जताया हर वर्ग में दिखा उत्साह रक्तदान करने आगे आए आम नागरिकों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों पत्रकारों कर्मचारियों व्यापारियों समेत अनेक प्रबुद्ध नागरिकों ने भी उत्साह पूर्वक रक्तदान किया ऐसे लोगों में बढ़ती जागरूकता रक्तदान को लेकर कस्बे में जागरूकता बढ़ी है पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं रक्तदान शिविर में लखनादौन विधानसभा ग्राम धूमा से जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी सोनू पाराशर, छपारा से अंकित ठाकुर, अंकित साहू, नंदकिशोर अहिरवार, दीपक यादव, अंकित राय, कमलेश बेदी, दुर्गेश पांडे और जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सागर, करेली, छिंदवाड़ा रेल लाइन के लिए उठ रही मांग

**करेली यभाप्र।** सागर, करेली, छिंदवाड़ा रेल लाइन के लिए पूरे बुंदेलखंड से मांग जोर पकड़ती जा रही है। सर्वस्वर्णकार महा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वदलीय संघर्ष समिति के संयोजक तथा वरिष्ठ नागरिक मंच के संयोजक डॉ. विश्वनाथ सोनी एवं राष्ट्रीय महामंत्री तथा सचिव वरिष्ठ नागरिक मंच तेजराम सोनी ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि सागर, करेली, छिंदवाड़ा रेल लाइन की मांग विधि वेता संविधान सभा के सदस्य पूर्व सांसद हरि विष्णु कामथ ने 1970 में उक्त रेल लाइन के लिए मांग उठाई थी इसके बाद सागर की सांसद गोवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राज्यसभा सदस्य ने भी सागर छिंदवाड़ा रेल लाइन की बात को तत्कालीन सरकार के सामने उठाया था इसके बाद सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उक्त रेल लाइन पिंक बुक में भी दर्ज हो चुकी है सर्व स्वर्णकार महा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जमुना दलाल, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर पलिया, बाल किशन सोनी, डॉ. किरणलता स्वर्णकार सागर, अनिल सोनी एवं महेंद्र सोनी देवरी, रोशन सोनी अध्यक्ष, विमल सोनी सचिव, राजकुमार सोनी जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र सोनी जिला संगठन मंत्री, सिवनी से किशोर सोनी वारासिवनी से किशोर सोनी छिंदवाड़ा से सतीश सोनी, लव कुश सोनी, नागपुर से वरिष्ठ पत्रकार मनीष सोनी, सागर छिंदवाड़ा रेल लाइन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपकर बजट सत्र में आवंटन के लिए आग्रह कर चुके हैं उक्त रेल लाइन से बुंदेलखंड के साथ-साथ पूरा क्षेत्र लाभान्वित होगा तथा नागपुर की दूरी केवल 3 घंटे में तय होगी तथा दक्षिण के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो जाएगी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मंशा अनुसार पूरे क्षेत्र का विकास होगा और हर जिला दिल्ली के साथ दक्षिण तक जुड़ जाएगा।

## एक्टिव केस फाइडिंग का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय कुमार जैन के निर्देशन में जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन ने गुरूवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक्टिव केस फाइडिंग का प्रशिक्षण जिले के आईपीपी 6 में आयोजित किया गया। टीबी मुक्ति के लिए अग्रसर जिले में प्रतिवर्ष की भांति टीबी के मरीजों का सघन खोज अभियान 3 चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण जनवरी, फरवरी 2022 में लक्ष्य आबादी में किया जायेगा।

# महाकौशल सुगर मिल की 2 ट्रॉलियां जप्त



**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा जांच के दौरान बगैर पंजीयन के संचालित पाये जाने पर महाकौशल सुगर मिल की 2 ट्रॉलियों को जप्त किया गया। इन ट्रालियों को जिला परिवहन कार्यालय में बुधवार को खड़ा करवाया गया है, इनके विरूद्ध प्रकरण बनाये गये हैं। ये ट्रॉलियां बगैर दस्तावेज के संचालित हो रहीं थी।

## बृजेश महासचिव ,हुसैन सचिव बने

शहडोल। जिला पत्रकार संघ शहडोल के विधान की धारा 13-क के अंतर्गत अध्यक्ष डॉक्टर नचिकेता ने संघ के संचालन और कार्यान्वयन के निमित्त संघ की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार परामर्श मंडल में रामअवतार गुप्ता यू एन आई, अरविंद पांडे एआईआर, और रितुपर्ण दवे फिलांसर को शामिल किया गया है। उपाध्यक्ष रावेंद्र शुक्ला आज तक, रविंदर सिंह गिल एबीपी न्यूज़, महासचिव हुसैन अली समय, सचिव बृजेश चंद्र सिरमौर स्वर्ण दुनिया, कोषाध्यक्ष सुभाष द्विवेदी दैनिक भारती को बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर जिले को दी बधाई

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को कलेक्टर. कमिश्नर कांफ्रेंस में विभिन्न विषयों पर समीक्षा की, जिसमें कानून व्यवस्था, महिला अपराध, ऊर्जा साक्षरता अभियान, धान उपार्जन, नगरीय निकायों में स्वच्छता आदि सम्मिलित हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने में उल्लेखनीय कार्य किया गया, जिसमें नरसिंहपुर जिला प्रदेश में तीसरे स्थान आने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार

**नरसिंहपुर यभाप्र।** लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार वर्ष 2021 के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 3 जनवरी से शुरू हो गये है। रजिस्ट्रेशन के बाद आवेदन प्रस्ताव 20 जनवरी से 4 फरवरी 2022 तक ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार की वेबसाईट में प्रस्ताव नामांकन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाना है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने सभी जिला प्रमुखों से कहा है कि जिन श्रेणियों में योगदान हेतु यह पुरस्कार दिया जायेगा, उनमें जनभागीदारी को बढ़ावा देना और पोषण अभियान में लोगों की भागीदारी, खेलों इंडिया योजना के माध्यम से खेल और कल्याण में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, पीएम स्वनिधि योजना में डिजीटल भुगतान एवं सुशासन, उत्पाद योजना पर जिले के माध्यम से समग्र विकास, निर्बाध, मानवीय हस्तक्षेप के बिना सेवा का अंत तक वितरण और नवाचार शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित

मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना अन्तर्गत उद्योग, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय अर्थात रिटेल ट्रेड के लिये लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उद्योग विभाग ने बताया कि योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा अथवा खुदरा व्यवसाय के लिए 25 लाख तक की परियोजना लागत सीमा निर्धारित की गई है। योजना में 18 से 40 वर्ष और न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते है। योजना का लाभ केवल नवीन उद्यम की स्थापना हेतु देय होगा, जिसमें 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रतिवर्ष की दर से 7 वर्ष तक देय होगा। योजना के आवेदन समस्त पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक आवेदक योजना की विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर के कार्यालयीन समय मे सम्पर्क सकते है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी संबंधी बैठक संपन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को नरसिंहपुर के स्टेडियम ग्राउन्ड पर आयोजित किया जायेगा। इस समारोह की सुचारू बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। इस सिलसिले में जारी आदेश में बैठक व्यवस्था के लिए प्रमुख अतिथि, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार दीर्घा, न्यायाधीश एवं अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक और महिलाओं हेतु अलग. अलग सेक्टर रहेंगे। इन सेक्टरों के लिए प्रभारी अधिकारी और कार्यपालिक दंडाधिकारी को दायित्व सौंपे गये हैं। नियुक्त अधिकारियों को स्टेडियम में उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करने और कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

**अधिकारियों को सौंपे**



# एयरपोर्ट पर अजीबोगरीब ड्रेस पहनकर पहुंची उर्वशी रौतेला

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला फिल्मों से ज्यादा अपनी खूबसूरती और ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हैं। अक्सर ऐसा होता है जब एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस लुक से फैंस को घायल कर देती हैं, लेकिन बहुत बार ऐसा भी हुआ है जब उर्वशी को अपने ड्रेसिंग स्टाइल की वजह से ट्रोलिंग का शिकार भी होना पडा जाता है। जी हां, हाल ही में ऐसा ही कुछ एक्ट्रेस के साथ हुआ जब उनका एयरपोर्ट लुक फैंस को रास नहीं आया। दरअसल उर्वशी हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट की गई थी। उनका लुक देखने के बाद लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

उर्वशी रौतेला के इस वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें एक्ट्रेस बेहद अजीबोगरीब कपड़े पहनकर एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है एक्ट्रेस पिंक साटिन आउटफिट में नजर आ रही है। मगर, एक्ट्रेस अपने इसी आउटफिट की वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। इस दौरान उन्होंने हाई पोनी टेल और आंखों पर चश्मा लगा रखा है।

इंटरनेट पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोग उर्वशी की ड्रेस का खूब मजाक उडा रहे हैं और नाइट सूट कहकर ट्रोल करते दिखे। इस दौरान लोग जमकर कमेंटबाजी भी कर रहे हैं एक यूजर ने लिखा,लगता है सोकर जल्दी-जल्दी में चली आईं, इसीलिए नाइटसूट तो है पर मास्क नहीं। दूसरे ने लिखा- अरे नाइट सूट में कहां घूम रहीं हैं मैडम। तीसरे ने लिखा, सीधा बेड से उठकर बाल ठीक करके शेड्स लगा कर आ गईं क्या? इसके अलावा और भी कई यूजर्स ने इस मजेदार कमेंट्स किए है।

# क्या नरगिस फाखरी को फिर हो चला प्यार?

**रॉकस्टार जैसी फिल्म से बॉलीवुड में अपनी ?ास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अपनी ?ूबसूरती के लिए जानी जाती है। उनकी हर तस्वीर पर लोग अपना दिल हार बैठते है। लेकिन फिलहाल वो बड़े पर्दे से दूर हैं, पर फिर भी वो अपनी पर्सनल लाइफ और रिलेशनशिप्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं।**

नरगिस फाखरी हमेशा से अपनी लव लाइफ पर भी खुलकर बात करती रही हैं। वह बॉलीवुड एक्टर उदय चोपड़ा को डेट कर चुकी हैं, लेकिन नरगिस फाखरी और उदय चोपड़ा का ब्रेकअप हुए काफी समय हो गया है। अब एक्ट्रेस का नाम नए शख्स के साथ जुड़ रहा है।




मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो, नरगिस फाखरी अब एक कश्मीरी बिजनेसमैन को डेट कर रही हैं। एक्ट्रेस का नाम कश्मीर के रहने वाले बिजनेसमैन टोनी बेग के साथ जुड़ रहा है। टोनी बेग एक बिजनेसमैन एमडी भी रह चुके हैं। मीडिया को नरगिस फाखरी के करीबी सूत्रों ने बताया है कि वह और टोनी बेग पब्लिकली मिले थे। सूत्रों के अनुसार नरगिस फाखरी और टोनी बेग एक-दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताते हैं। दोनों साथ में आते-जाते भी हैं। नरगिस इस रिश्ते को छिपाकर रखना चाहती हैं क्योंकि यह अभी नया है। वहीं इस पूरे मामले में नरगिस फाखरी की ओर से कोई ऑफिसियल बयान नहीं आया है। इससे पहले पिछले साल नरगिस फाखरी ने खुद उदय चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था। साथ ही उनसे ब्रेकअप होने को लेकर भी अपना दर्द बयां किया था।

नरगिस फाखरी ने उदय चोपड़ा को शानदार इंसान बताया और कहा था कि उनके साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर न बोलने पर उन्हें काफी अफसोस है। नरगिस फाखरी ने कहा, %उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह मुझे भारत में मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने प्रेस से ऐसा कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था, लेकिन मुझे इसका अफसोस है क्योंकि मुझे पहाड़ की चोटियों से चिल्लाना चाहिए था कि मैं इतने खूबसूरत इंसान के साथ हूं।%

नरगिस फाखरी ने आगे कहा, %इंटरनेट और सोशल मीडिया बहुत फर्जी जगह है और वहां के लोगों को पता नहीं चलेगा कि सच्चाई क्या है। अक्सर हम कुछ ऐसे लोगों की पूजा करते हैं जो बंद दरवाजों के पीछे वास्तव में बुरे होते हैं।% आपको बता दे कि यह पहला मौका था जब नरगिस फाखरी ने उदय चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था। वहीं एक्टर से ब्रेकअप होने के बाद नरगिस इंडिया छोड़कर अमेरिका चली गई थीं। इन दिनों भी वह अमेरिका में ही हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्युल जारी



ICC MEN'S T20 WORLD CUP 2022 FIXTURE

16 OCTOBER – 13 NOVEMBER 2022

| Date / Time | Team | | Team | Venue |
|---|---|---|---|---|
| **FIRST ROUND** | | | | |
| Sunday 16 October, 15:00 | SRI LANKA | v | NAMIBIA | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Sunday 16 October, 19:00 | QUALIFIER 2 | v | QUALIFIER 3 | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Monday 17 October, 15:00 | WEST INDIES | v | SCOTLAND | Bellerive Oval, Hobart |
| Monday 17 October, 19:00 | QUALIFIER 1 | v | QUALIFIER 4 | Bellerive Oval, Hobart |
| Tuesday 18 October, 15:00 | NAMIBIA | v | QUALIFIER 3 | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Tuesday 18 October, 19:00 | SRI LANKA | v | QUALIFIER 2 | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Wednesday 19 October, 15:00 | SCOTLAND | v | QUALIFIER 4 | Bellerive Oval, Hobart |
| Wednesday 19 October, 19:00 | WEST INDIES | v | QUALIFIER 1 | Bellerive Oval, Hobart |
| Thursday 20 October, 15:00 | SRI LANKA | v | QUALIFIER 3 | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Thursday 20 October, 19:00 | NAMIBIA | v | QUALIFIER 2 | Kardinia Park Stadium, Geelong |
| Friday 21 October, 15:00 | WEST INDIES | v | QUALIFIER 4 | Bellerive Oval, Hobart |
| Friday 21 October, 19:00 | SCOTLAND | v | QUALIFIER 1 | Bellerive Oval, Hobart |
| **SUPER 12** | | | | |
| Saturday 22 October, 18:00 | NEW ZEALAND | v | AUSTRALIA | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Saturday 22 October, 19:00 | ENGLAND | v | AFGHANISTAN | Perth Stadium, Perth |
| Sunday 23 October, 15:00 | GROUP A WINNER | v | GROUP B RUNNER-UP | Bellerive Oval, Hobart |
| Sunday 23 October, 19:00 | INDIA | v | PAKISTAN | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Monday 24 October, 15:00 | BANGLADESH | v | GROUP A RUNNER-UP | Bellerive Oval, Hobart |
| Monday 24 October, 19:00 | SOUTH AFRICA | v | GROUP B WINNER | Bellerive Oval, Hobart |
| Tuesday 25 October, 19:00 | AUSTRALIA | v | GROUP A WINNER | Perth Stadium, Perth |
| Wednesday 26 October, 15:00 | ENGLAND | v | GROUP B RUNNER-UP | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Wednesday 26 October, 19:00 | NEW ZEALAND | v | AFGHANISTAN | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Thursday 27 October, 14:00 | SOUTH AFRICA | v | BANGLADESH | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Thursday 27 October, 18:00 | INDIA | v | GROUP A RUNNER-UP | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Thursday 27 October, 19:00 | PAKISTAN | v | GROUP B WINNER | Perth Stadium, Perth |
| Friday 28 October, 15:00 | AFGHANISTAN | v | GROUP B RUNNER-UP | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Friday 28 October, 19:00 | ENGLAND | v | AUSTRALIA | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Saturday 29 October, 19:00 | NEW ZEALAND | v | GROUP A WINNER | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Sunday 30 October, 13:00 | BANGLADESH | v | GROUP B WINNER | The Gabba, Brisbane |
| Sunday 30 October, 15:00 | PAKISTAN | v | GROUP A RUNNER-UP | Perth Stadium, Perth |
| Sunday 30 October, 19:00 | INDIA | v | SOUTH AFRICA | Perth Stadium, Perth |
| Monday 31 October, 18:00 | AUSTRALIA | v | GROUP B RUNNER-UP | The Gabba, Brisbane |
| Tuesday 1 November, 14:00 | AFGHANISTAN | v | GROUP A WINNER | The Gabba, Brisbane |
| Tuesday 1 November, 18:00 | ENGLAND | v | NEW ZEALAND | The Gabba, Brisbane |
| Wednesday 2 November, 14:30 | GROUP B WINNER | v | GROUP A RUNNER-UP | Adelaide Oval, Adelaide |
| Wednesday 2 November, 18:30 | INDIA | v | BANGLADESH | Adelaide Oval, Adelaide |
| Thursday 3 November, 19:00 | PAKISTAN | v | SOUTH AFRICA | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Friday 4 November, 14:30 | NEW ZEALAND | v | GROUP B RUNNER-UP | Adelaide Oval, Adelaide |
| Friday 4 November, 18:30 | AUSTRALIA | v | AFGHANISTAN | Adelaide Oval, Adelaide |
| Saturday 5 November, 19:00 | ENGLAND | v | GROUP A WINNER | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Sunday 6 November, 10:30 | SOUTH AFRICA | v | GROUP A RUNNER-UP | Adelaide Oval, Adelaide |
| Sunday 6 November, 14:30 | PAKISTAN | v | BANGLADESH | Adelaide Oval, Adelaide |
| Sunday 6 November, 19:00 | INDIA | v | GROUP B WINNER | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |
| Wednesday 9 November, 19:00 | SEMI-FINAL 1 | | | Sydney Cricket Ground, Sydney |
| Thursday 10 November, 18:30 | SEMI-FINAL 2 | | | Adelaide Oval, Adelaide |
| Sunday 13 November, 19:00 | FINAL | | | Melbourne Cricket Ground, Melbourne |

#T20WorldCup

T20WorldCup.com



# विक्की कौशल ने चुकाई फ्रेंच फ्राइज खाने की कीमत

## अब जिम में बहाया खूब पसीन

**अभिनेता विक्की कौशल पिछले महीने कैटरीना कैफ संग शादी के बाद से लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, इन दिनों एक्टर इंदौर में हैं, जहां एक्टर सारा अली खान के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस बीच एक्टर खुद के लिए भी टाइम निकाल लेते हैं, ऐसे में उन्हें कैटरीना कैफ के साथ क्वालिटी टाइम बिताते देखा जाता है तो कभी मैदान में बैट लेकर उतर जाते हैं और खूब चौके-छक्के लगाते हैं।**

दरअसल, पिछले दिनों जब कैटरीना अपने पति विक्की कौशल के साथ कुछ समय के लिए गई तो इस दौरान कपल ने साथ में काफी मस्ती की। इस बीच विक्की ने जंक फूड भी खाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर की थी, लेकिन अब उसकी भरपाई करते हुए जिम में जमकर वर्कआउट भी किया। उन्होंने मसल्स फ्लॉन्ट करते हुए अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जो वायरल हो रही है।

एक्टर ने शेयर की तस्वीर...

विक्की कौशल ने गुरुवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें एक्टर जिम में पसीना बाहते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान एक्टर जिम इक्विपमेंट के पास बैठे हुए हैं और मसल्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। फोटो में विक्की कौशल जींस और शूज के साथ टी पहने दिख रहे हैं। उनकी फिट बॉडी देख फैंस उनके कायल हो गए हैं।

फोटो के कैप्शन में एक्टर ने लिखा- उन फाईस के लिए भुगतान करने का समय। बता दें, बुधवार की रोज विक्की कौशल ने फ्रेंच फ्राइज खाते हुए अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर शेयर की। जिसके बाद अब अगले ही दिन उन्होंने जमकर वर्कआउट कर लिया। इससे जाहिर है कि एक्टर अपने आप को फिट रखने के लिए जरा सी भी लापरवाही नहीं करते।

वर्क फ्रंट पर बात करें तो विक्की कौशल इन दिनों लक्ष्मण उतेकर की फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान भी दिखाई देंगी दोनों। की सेट से कई फोटोज लीक हो चुकी हैं। इसके अलावा वो %गोविंदा मेरा नाम% और %सैम बहादुर% सहित कई फिल्मों में दिखाई देंगे।

# मक्का और मदीना की यात्रा पर निकले अली फजल, मां और नाना को याद कर हो गए इमोशनल

बॉलीवुड एक्टर अली फजल अक्सर अपने काम या रिलेशनशिप को लेकर खबरों में बने रहते है। वही उनका सोशल मीडिया पर कोई न कोई पोस्ट फैंस की न?रो में आ ही जाता है। ऐसे में अब एक बार फिर वो अपने एक वीडियो को लेकर खबरों में है। दरअसल, एक्टर इन दिनों धार्मिक यात्रा पर निकले है। वो कहते है न अपनों को खो देने के दर्द से इंसान शायद ही कभी उबर पाता है। बॉलिवुड एक्टर अली फजल के साथ भी ऐसा ही है। उन्होंने कुछ ही महीनों में मां और नाना दोनों को खोया है। ऐसे में जब वो मक्का और मदीना की यात्रा पर निकले तो इमोशनल हो गए।

अली फजल ने अपनी हॉलिवुड मूवी की शूटिंग पूरी की और इसके बाद वो सोलो ट्रिप पर मक्का और मदीना निकल पड़े। इसकी झलक उनके इंस्टाग्राम पर देखने को मिली, जहां उन्होंने अपनों के लिए दुआ भी मांगी। अली ने 2020 में मां को खोया और 2021 में उनके नाना का निधन हो गया। अपने करीबियों की मौत से अली टूट गए थे।




एक्टर ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, %मदीना और फिर मक्का। मेरी शूटिंग खत्म करने का क्या शानदार तरीका है। मैं कई मायनों में वास्तव में धन्य हूं। ये अम्मा और नाना के लिए था। उन्हें खोने का दर्द कभी खत्म नहीं होगा... हीलिंग का कोई जवाब नहीं है। तलाश है। हम पता कर लेंगे, लेकिन मैंने प्रार्थना की और आसपास के सभी लोगों के लिए प्रार्थना की। परिवार, दोस्त और सभी लोग, जिन्हें प्यार की जरूरत है। और सोचो क्या? यहां देने और पाने के लिए बहुत प्यार है।%

अली के कैप्शन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो कितना भावुक थे और इस यात्रा से उनके दिल को कितनी शांति मिली है। वही, एक्टर के पोस्ट पर उनकी गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस रिचा चड्ढा ने भी कमेंट किया है। उन्होंने लिखा, %बहुत खूबसूरत। अच्छा हुआ तुम वहां गए। तुम गॉड चाइल्ड हो और प्रार्थना के लिए शुक्रिया।% फैन भी अली फजल की इस वीडियो पर खूब रिएक्शन दे रहे है। उन्हें अली का यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है। सभी उनकी तारीफ कर रहे हैं और उनके लिए दुआ भरे कमेंट कर रहे है।

**पिछले कुछ वक्त से दक्षिण भारतीय फिल्मों को लेकर सोशल मीडिया में जबरदस्त शोर-शराबा है। खासकर, पुष्पा- द राइज के रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया यूजर्स और फैंस दक्षिण भारतीय फिल्मों और कलाकारों की तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं।**

# फिल्म जय भीम ने रचा इतिहास

अल्लू अर्जुन, राम चरण, अजीत कुमार जैसे कलाकारों के फैंस और फैन क्लब्स अपने-अपने सिनेमाई आइडल के लिए बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग करते दिख रहे हैं, मगर मंगलवार को तमिल फिल्मों के स्टार सूर्या के फैंस को भी सोशल मीडिया में धमाल मचाने का मौका मिला। बात ही कुछ ऐसी थी कि सूर्या के फैंस ही क्यों, तमाम सिनेमाप्रेमियों को इस पर गर्व होगा।दरअसल, मामला जुड़ा है सूर्या की फिल्म जय भीम से। इस फिल्म को ऑस्कर्स के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल पर फीचर किया गया है। अब ऑस्कर के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर निर्देशक की कहानी के साथ फिल्म का एक सीन दिखाया गया है। अब ऑस्कर्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर डायरेक्टर के नैरेटिव के साथ फिल्म का एक सीन दिखाया गया है। फिल्म %जय भीम% एक प्रेग्नेंट वाइफ के बारे में हो जो अपने पति के पुलिस हिरासत में लापता होने के बाद एक निश्चित वकील चंद्री से मदद मांगती है। गौरतलब है कि फिल्म ने कई विवादों से घिरी रही है क्योंकि फिल्म में पुलिस द्वारा जाति के आधार पर वरीयता और व्यवहार को दिखाती है। फिल्म %जय भीम% की कहानी 90 के दशक में तमिलनाडु में घटी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसकी कहानी एक ऐक्टिविस्ट और वकील चंद्रू से प्रेरित है जिन्होंने अपने प्रयासों से तमिलनाडु में उन पिछड़े लोगों को न्याय दिलाने में मदद की, जो हाशिए पर ढकेल दिए गए।




# मनोज बाजपेयी ने 2023 तक नई स्क्रिप्ट पर काम करना किया बंद, कहा - मेरे पास तारीखें नहीं हैं

गैंग्स ऑफ वासेपुर, स्पेशल 26, राजनीति और फैमिली मैन जैसी फिल्मों से लोगों के दिल में जगह बना चुके अभिनेता मनोज बाजपेयी इंडस्ट्री के बिजी स्टार में से एक है। एक फिल्म की शूटिंग स्टार्ट होती नहीं दूसरी फिल्म ये पहले सिग्न कर लेते है। अभिनेता मनोज बाजपेयी साल 2022 में बेहद बिजी है । रिपोर्ट के अनुसार मनोज बाजपेयी ने साल 2021 में राम रेड्डी के अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट और कानू बहल की थ्रिलर डिस्पैच की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इसके बाद उन्होंने अभिषेक चौबे की अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया था। लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया है।वहीं रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से खुलासा किया गया है कि, इस प्रोजेक्ट पर लगभग 10 दिनों का काम बाकी है। इस फिल्म की शूटिंग को खत्म करने के बाद मनोज बाजपेयी राहुल चितेला के प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। मनोज बाजपेयी ने बात करते हुए कहा मैं मेरी कमिटमेंट्स के साथ हूं और मुझे उन सभी फिल्मों को पूरा करना होगा, जिसके लिए मैंने निर्माताओं से कमिटमेंट्स किया है। ये साल मुझे 2023 के अंत तक व्यस्त रखेगा और इसी वजह से मैंने नई स्क्रिप्ट पढ़ना और नैरेशन लेना बंद कर दिया है। इस वक्त मेरे पास तारीखें नहीं हैं। आपको बता दें, मनोज बाजपेयी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 1994 में आई शेखर कपूर की बायोग्राफिकल फिल्म बैंडिट क्वीन से की थी। लेकिन उन्हें पहचान फिल्म शूल से मिली। इसके बाद उन्होंने सत्या, प्रेम कथा, फिजा, एलओसी कारगिल, वीर जारा जैसी हिट फिल्मों में काम किया है।







## जेएनकेविवि की बड़ी उपलब्धि

# 8 किस्म की गेहूं, धान, रामतिल , जई की फसल विकसित

**जबलपुर, यशभारत।** जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ने गेहूं, धान, रामतिल, जई की 8 किस्मों को विकसित किया है। ये किस्में रोग प्रतिरोधी हैं और कम सिंचित वाले क्षेत्रों में भी आसानी से इनकी फसल हो सकेगी। 120 से 125 दिनों में ये फसलें होंगी। विश्वविद्यालय की इन 8 नई किस्मों को भारत सरकार के कृषि मंत्रालय ने भी अधिसूचित कर दिया है। अब इसे ब्रीडर योजना के तहत बीज उत्पादन वाली इकाइयों को दिया जाएगा। कुलपति डॉ. पीके बिसेन के अनुसार कृषि वैज्ञानिकों ने अनाज की 8 नई किस्में विकसित की हैं। इनमें से दो किस्में अधिक न्यूट्रीशन वाली हैं। जबकि 4 किस्में सिर्फ एमपी को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैं। आदिवासियों के लिए लाभ की फसल माने जाने वाली रामतिल की तीन किस्मों को विकसित किया गया है। एक नेशनल किस्म है, तो दो किस्में मप्र और छत्तीसगढ़ को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैं।

### पशु चारे के तौर पर जई

जेओ 10-506ः उड़ीसा, बिहार, झारखंड, पूर्वी यूपी, असम, मणिपुर राज्यों के लिए ये उपयुक्त है। हरा चारा और बीजों के लिए इसकी बुआई कर सकेंगे। 90 से 100 दिन हरा चारा के रूप में प्रयोग करें। 225 से 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हरा चारा का उत्पादन होगा। एक कटिंग के बाद छोड़ दें। 10 से 11 क्विंटल प्रति हेक्टेयर जई भी तैयार हो जाएगी। जेओ05-304ः मप्र, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बुंदेलखंड राज्यों के लिए ये मुफीद होगा। इसकी कटिंग भी 90 से 100 दिन में कर सकते हैं। पहली कटिंग 55 से 60 दिन में कर पाएंगे। हरा चारा प्रति हेक्टेयर 560 से 600 क्विंटल प्राप्त कर सकते हैं। इसे खिलाने से पशु दुग्ध उत्पादन और फैट दोनों बढ़कर मिलेगा।

### रोग प्रतिरोधी और कम सिंचित वाले क्षेत्रों में आसानी से हो सकेंगी ये किस्में

### गेहूं की दो किस्मों का विकास किया

एमपी 1323- पूरे प्रदेश में इसकी बुआई हो सकेगी। उत्तम उपज, रोग प्रतिरोधक, अधिक प्रोटीन होगा। औसत पैदावार 55 से 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी। 125 दिन में ये तैयार हो जाएगा। एमपी 1358- अधिक उपज प्राप्त होगी। औसत पैदावार 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी। इसमें प्रोटीन 12ः से अधिक होगा। आयरन की मात्रा 406 पीपीएम होगी। गेहूं की ये फसल भी 125 से 130 दिन में तैयार हो जाएगी।

### धान की एक किस्म

जेआर10ः कम सिंचाई में अधिक उपज किसान प्राप्त कर सकेंगे। पूरे एमपी में इसकी रोपाई कर सकेंगे। इसके चावल पतले और सुगंधित होंगे। 55 से 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन होगा। 120 दिन में ये धान तैयार हो जाएगा।

### रामतिल की तीन किस्में

जेएनएस 521ः असिंचित और सिंचित दोनों क्षेत्रों में खरीफ और रबी में इसकी बुआई कर सकेंगे। ये शीघ्र पक जाएंगी। 100 से 110 दिन में ये पक कर काटने लायक हो जाएगी। 5 से 6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर इसका उत्पादन होता है। ये आदिवासी बेल्ट में बोया जाता है। वहां घी के विकल्प के तौर पर इसका प्रयोग करते हैं। 80 रुपए प्रति किलो की दर से इसकी बिक्री होती है।जेएनएस 2015-9ः मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को ध्यान में रखकर ये किस्में विकसित की गई हैं। सिंचित और असिंचित क्षेत्र में मध्य खरीफ के समय इसकी बुआई करें। 100 दिन में ये तैयार हो जाएगी। इससे जेएनएस-9 की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक उपज और 9 प्रतिशत अधिक तेल की मात्रा मिलेगी। पौधे छोटे होंगे और गिरेंगे नहीं। कई गंभीर बीमारी और कीटों से प्रतिरोधी किस्म है। 541 किलो प्रति हेक्टेयर उत्पादन होगा। जेएनएस 2016-1115ः इसे देश के किसी भी हिस्से में बो सकेंगे। सिंचित और असिंचित दोनों क्षेत्रों में इसकी बुआई हो सकेगी। मध्य खरीफ में इसकी बुआई कर सकेंगे। इससे अधिक उपज प्राप्त होगी। रामतिल के साथ किसान मधुमक्खी पालन भी कर पाएंगे। इससे एक से दो क्विंटल जहां उत्पादन बढ़ जाएगा। वहीं तीन से चार हजार रुपए प्रति एकड़ प्राप्त राशि भी प्राप्त कर पाएंगे।

# भोपाल से मायके के लिए निकली महिला की कुंडम में मिली लाश

## मामला संदिग्ध , पुलिस जांच जारी

**जबलपुर यश भारत । भोपाल में पति के साथ रहकर करीब 10 वर्षों से मजदूरी कर रही महिला की कुंडम कॉलेज के पास खेत में संदिग्ध लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।**

महिला भोपाल से अपने मायके ग्राम सलैया के लिए निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंच सकी। पुलिस को शक है की महिला के साथ कुछ अनहोनी हुई है । जिसके बाद पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। वहीं ;इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल ह। कुंडम पुलिस ने मामले जानकारी देते हुए बताया कि मूलत्‌डबरा कला के रहने वाली सोमवती भाई पति फेरन सिंह 49 वर्ष अपने पति के साथ भोपाल में रहकर करीब 10 वर्षों से मजदूरी करती थी जिसकी कुंडम में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवती बाई 15 जनवरी 20 22 को अपने पति से यह कहकर निकली थी की उसके मायके ग्राम सलैया में उसकी मां की तबीयत खराब है जिसे देखकर वह जल्द ही भोपाल लौट आएगी जिसके बाद पति ने उसे भोपाल से अकेले मायके भेज दिया था।

**रिश्तेदार के यहां थी दिन भर**- पुलिस ने बताया कि पीड़ित पति ने जब पत्नी के मायके फोन लगाया तो उसे पता चला कि उसकी पत्नी अभी तक मायके नहीं पहुंची है जब मामले की पतासाजी की तो ज्ञात हुआ कि उसकी पत्नी कुंडम मैं एक रिश्तेदार के यहां दिनभर थी लेकिन बाद में वहां से कहां गई किसी को कुछ पता नहीं जिसके बाद पीडि़ति ने कुंडम थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बताया कि आज सुबह आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी के कुंडम कॉलेज के पास खेत में एक महिला का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा हुआ है यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ लग गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम करते हुए मामला जांच में लिया है।

### नहीं है चोट के निशान

पुलिस ने बताया कि महिला का शव संदिग्ध अवस्था में खेत से बरामद किया गया है महिला खेत क्यों गई और वहां किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई किसी को ज्ञात नहीं है जिसके बाद पुलिस कुछ शक है की मृतिका का के साथ कुछ गलत हुआ है जिसके बाद पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल करते हुए सबको पीएम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया है अब पीएम की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले से पर्दा उठेगा।

# चाचा जमीन मेरे नाम कर दोगे तो दुनिया में रहोगे नहीं तो जान से जाओगे

## टिम्बर व्यापारी का पूरा परिवार दहशत में

जबलपुर, यशभारत। लकड़ी टिम्बर व्यापारी का पूरा परिवार बीते कुछ दिनों से दहशत में है। संपत्ति विवाद के चलते पूरे परिवार को भतीजे ने धमकी दी है कि अगर जमीन उसके नाम नहीं होगी तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देगा। प्रापर्टी विवाद को लेकर भतीजे ने अपने दामाद-बहन और एक दोस्त के साथ टिम्बर व्यापारी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। जिसकी एक शिकायत पीड़ित परिवार ने मदन महल थाने में की लेकिन आज तक पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। पीड़ित प्रकाश पटेल ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि भाई स्वर्गीय चंद्रप्रकाश पटेल के बेटा लोकेश पटेल उसकी बहन-दामाद और एक अन्य साथी घर पहुंचे और प्रापर्टी विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मना किया तो सभी झूमा झपटी में उतर आए इसके बाद वह भागकर घर के अंदर हो गया। इसके बाद सभी के द्वारा घर में तोड़फोड़ की गई कैमरे तोड़ दिए गए।



### थाने में शिकायत के बाद भी दबंगों पर नहीं हो रही कार्रवाई

### परसवाड़ा जमीन को लेकर विवाद

पीड़ित पक्ष का कहना है कि स्वर्गीय पिता खूबचंद पटेल ने परसवाड़ा स्थित करीब 5 एकड़ जमीन अपने बेटे प्रकाश चंद्र पटेल के नाम कर दी थी। इसको लेकर स्वर्गीय चंद्रप्रकाश पटेल के बेटे लोकेश पटेल को आपत्ति थी। जमीन को लेकर कई बार विवाद हुआ जिसकी शिकायत मदन महल थाने में की गई परंतु पुलिस ने आज तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

# माढ़ोताल में 60 हजार की चोरी

## दुकान का ताला तोड़कर पंप सेट ले उड़े चोर

जबलपुर यश भारत । माढोताल के नक्षत्र नगर में दरमियानी रात चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर 80हजार के माल में हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गए अल सुबह जब दुकान संचालक मौके पर पहुंचा तो सटल का ताला टूटा हुआ देखकर आवक रह गया और जब अंदर जाकर देखा तो दुकान से पानी पंप के 6 सेट गायब थे जिसके बाद पीड़ित दुकान संचालक ने थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत की है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दुकान संचालक राहुल अग्रवाल ने बताया कि उसकी पंप की दुकान नक्षत्र नगर मैं स्थित है दरमियानी रात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर की दुकान में रखे पंप सेट पार कर दिए ।पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित दुकान संचालक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं कुछ फुटेज पुलिस को मिले हैं जिस आधार पर शातिर चोरों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं साथ ही क्षेत्र की निगरानी सुधा और पूर्व पकड़े गए चोरों से भी पूछताछ की जा

# माढ़ोताल में स्कूटी सवार बस ने मारी टक्कर, वृद्ध की मौत

**जबलपुर यश भारत।** थाना माढोताल अंतर्गत ग्राम रैगवा लाल हवेली के पास एक स्कूटी सवार वृद्ध को तेज रफ्तार बस ने सीधी टक्कर मार दी हादसा इतना भीषण था कि वृद्ध वाहन समेत रोड से छिटककर दूसरी ओर जा गिरा और बुरी तरह लहूलुहान हो गया आसपास के लोगों और राहगीरों ने आनन-फानन में जैसे तैसे घायल पड़े हुए अचेत वृद्ध को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती किया जहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई, वही बस चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी रोडवेज बस ने स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसबी 18 50 के चालक मगनलाल जैन पिता पंचम लाल जैन 74 वर्ष एसबीआई कॉलोनी संगम नगर थाना कोतवाली निवासी वृद्ध जो किसी काम से वहां जा रहे थे उसी दौरान बस ने तेज रफ्तार के साथ जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी बस चालक को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।



## गोरखपुर में कार -बाइक भिड़ंत में एक घायल

जबलपुर यश भारत। गोरखपुर के गुप्तेश्वर में दरमियानी रात एक कार और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं घायल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार सवार को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धर्मेंद्र बर्मन 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम मगर वहां थाना शाहपुरा का निवासी है और रिश्तेदारी में गुप्तेश्वर आया हुआ था तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात कार सवार के चालक ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी जिससे वह वाहन समेत रोड से उछलकर 5 फीट दूर जा गिरा इस हादसे में उसे गंभीर चोटें आई हैं और उसका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया वही आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गया पुलिस ने मामला जांच में लिया है।



# दबंगों ने महिला से की जमकर मारपीट

## पुरानी बुराई को लेकर दिया वारदात को अंजाम

जबलपुर यश भारत । थाना हनुमान ताल अंतर्गत ठक्कर ग्राम में गुरुवार की दरमियानी रात पुरानी बुराई को लेकर एक महिला के साथ दो युवकों ने जमकर मारपीट कर दी 7मोहल्ले में बवाल मचता देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थाने रोते हुए पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस फरार आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है । जानकारी अनुसार पुलिस को बबीता पति धर्मेंद्र घसिया 49 वर्ष ने बताया कि वह ठक्कर ग्राम की निवासी है दरमियानी रात पुरानी बुराई को लेकर दीपू और अभिषेक कुमार ने उसके साथ झड़प करते हुए गाली गलौज करने लगे जब उसने गालियां देने से मना किया तो बाल पकड़कर घसीटते हुए जमकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पीड़िता ने बताया कि दोनों आपराधिक प्रवृत्ति के हैं जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



डॉ. अभिजीत मुखर्जी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
लाईफ केयर ICU मुखर्जी हासिपटल

21st January on the occasion of Mr. Anurag Soni's Birthday
50% Discount on English Spoken Courses on 21st, 22nd & 23rd
Free Books Every Year
No Admission Fees for Nursery to 12th
BRITISH FORT C.B.S.E SCHOOL
Tewar | Wright Town | Dhanwantri | Civil lines
84638 90002 | 94251 53051 | 91091 22289 | 78989 45833

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :- दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग-पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, निःशुल्क उपलब्ध।
पताः- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्रः-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोनः- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम केसर दूध सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)